


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-281 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) सोमवार 23 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड जारी, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

### हिमाचल समेत 3 राज्यों में तापमान 0 डिग्री से नीचे, चंडीगढ़ में 0.8



नई दिल्ली,(ए)। दिल्ली, यूपी समेत उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आने वाले दिनों में गलन वाली ठंड पड़ेगी। आंधी-तूफान और बारिश से 9 राज्यों में असर, 12 राज्यों में शीतलहर-कोहरे का अलर्ट देशभर में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। कहीं माइनस में तापमान गिर गया है तो कहीं शीतलहर से लोग कांप रहे हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में हाल ही में लैंडस्लाइड (भूस्खलन) हुआ जिससे नेशनल हाईवे ब्लॉक हो गया।यूपी में 26 से 28 दिसंबर के बीच बारिश होगी तो वहीं दिल्ली में 23 दिसंबर को हल्की बारिश की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा, 26 और 27 को भी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने बताया है कि 27 और 28 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश में बारिश और आंधी तूफान की आशंका है।

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में में तापमान 0 डिग्री के नीचे बना हुआ है। हिमाचल में आज बर्फबारी का भी अलर्ट जारी किया गया है। इससे तापमान में और भी ज्यादा गिरावट हो सकती है। पंजाब-हरियाणा में भी शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई। चंडीगढ़ में तापमान 0.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पंजाब के आदमपुर इलाके में पारा 1.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों के साथ-साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश होगी। इसके अलावा, मध्य भारत के राज्यों में भी 27 और 28 दिसंबर को बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के स्थानीय मौसम विभाग ने शीत लहर की चेतावनी जारी की और 23 और 24 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश की आशंका जताई और 27 दिसंबर को कई स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश की आशंका जताई है।ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी में 24 दिसंबर तक कुछ स्थानों पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अतिरिक्त, चंबा, कांगड़ा और कुल्लू में 25 दिसंबर तक शीत लहर और जमीनी पाले पड़ने की चेतावनी जारी की है। स्थानीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भाखड़ा बांध और बल्ह घाटी के जलाशय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाने की संभावना है। वहीं, राजस्थान के कई हिस्सों में भी घना कोहरा और कड़ाके की ठंड रिकॉर्ड की है।

## अमृतसर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 10 किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब में नशे की बढ़ती समस्या के बीच, अमृतसर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 10 किलो हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों का नाम सुखदेव सिंह और अवतार सिंह है, जो पहले भी मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में शामिल रहे हैं और बठिंडा जेल में रह चुके हैं।पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि यह तस्कर पाकिस्तान से हथियारों के साथ ड्रग्स की तस्करी कर रहे थे। उनके पास पहले ढाई किलो हेरोइन और 65 लाख की ड्रग मनी भी बरामद हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक व्यक्ति ड्राइवर का काम करता था और यह लोग नशे के कारोबार के लिए युवाओं को भी अपनी जाल में फंसाते थे।पुलिस ने बताया कि इन दोनों तस्करों की गिरफ्तारी अमृतसर में हुए चुनावों के बीच कड़ी नजर रखने के बाद की गई। इसके साथ ही पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि दो पाकिस्तानी तस्कर भी भारतीय जेलों में बंद हैं और वे कोहरे और अंधेरे का फायदा उठाकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के साथ कुवैत के बयान पैलेस में बैठक के दौरान।

## पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे के काफिले में पलटी जीप, कई पुलिसकर्मी घायल

पाली (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे के काफिले में एक गंभीर हादसा हुआ, जब काफिले के पीछे चल रही पुलिस की जीप बाली में पलट गई। इस हादसे में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें रूपाराम, भाग चंद, सूरज, नवीन और जितेंद्र शामिल हैं। हादसा उस समय हुआ जब वसुन्धरा राजे मंत्री ओटा राम देवासी की माता के निधन पर संवेदना व्यक्त कर उनके गांव मुंडारा से जोधपुर लौट रही थीं। घायलों के बारे में जानकारी मिलने के बाद, पूर्व सीएम खुद मौके पर पहुंचीं और घायलों को एम्बुलेंस में बैठाकर राजकीय चिकित्सालय बाली भेजा। इसके साथ ही, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह को भी घायलों के साथ अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया और बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई।




पटना में सनातन धर्म संरक्षण कानून लागू करने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

## लोग सोचने पर मजबूर कर देंगे कि आपको संसद क्यों भेजा था : उपराष्ट्रपति धनखड़

नई दिल्ली (आरएनएस)। व्यवधानों के कारण संसद की खराब उत्पादकता की पृष्ठभूमि में उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सांसदों की जवाबदेही का आह्वान किया और कहा कि लोग उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर देंगे कि उन्हें संसद में क्यों भेजा था। साथ ही कहा कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए विचारों की अभिव्यक्ति और संवाद दोनों साथ-साथ चलने चाहिए, जिसकी जिम्मेदारी दोनों पक्षों पर है।एक पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, कोई गलती न करें, मैं



सांसदों का जिक्र कर रहा हूं। लोगों ने अव्यवस्था को व्यवस्था के रूप में लेना सीख लिया है। बदलाव की कोई भावना नहीं है। उम्मीद है कि लोग लिखेंगे और उनके विचार आगे बढ़ेंगे। लोग आपको सोचने पर मजबूर कर देंगे कि आप वहां (संसद) क्यों गए थे? कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है: उपराष्ट्रपति उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। जब तक कृषि का विकास नहीं होता, ग्रामीण परिदृश्य को नहीं बदला जा सकता और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलता, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं कर सकते। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए लोगों की आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए और यह एक कठिन चुनौती है। धनखड़ ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## केन-बेतवा लिंक परियोजना से हर खेत तक पहुँचेगा पानी : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी का स्वप्न खजुराहो में होगा साकार
- 25 दिसम्बर को बनेगा नदी जोड़ो परियोजना का नया इतिहास




भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भागीरथ हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिये 2 बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाएँ सौगात के रूप में दी हैं। इन परियोजनाओं से हर खेत को पानी और हर व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के संकल्प को पूरा करने छतरपुर जिले के खजुराहो आ रहे हैं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिये मैं निवाड़ी जिले के सभी नागरिकों को आमंत्रित करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को निवाड़ी में जन-कल्याण पर्व अंतर्गत आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखण्ड के हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति के साथ अब कृषि कार्य, उद्योग और पेयजल के लिए भरपूर पानी भी उपलब्ध होगा। देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना से निवाड़ी के साथ संपूर्ण बुन्देलखण्ड का चहुँमुखी विकास भी संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिवर्ष एक अक्टूबर को धूमधाम के साथ निवाड़ी जिले के स्थापना दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़-माँ के नाम'' पौधरोपण किया और राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर केन्द्रित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना से निवाड़ी जिले के हर खेत में पानी और हर घर तक पेयजल की सुविधा मिलने के साथ पलायन भी रूकेगा और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनेगा। उन्होंने रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे, मोती मानस चून'' दोहा के माध्यम से पानी का महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खेत को पानी मिलने पर अमृत रूपी फसल की पैदावार सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना के साकार रूप लेने पर बुन्देलखण्ड की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगी। खेती का स्तर समृद्ध होने से किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। पंजाब, हरियाणा से भी फसल उत्पादन में बुन्देलखण्ड आगे होगा। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि किसान किसी भी जरूरत पर अपनी खेती की जमीन न बेचें।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर में लाखा बंजारा झील के जीर्णोद्धार कार्य का करेंगे लोकार्पण

**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी भी होंगे शामिल**

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 23 दिसम्बर को सागर में जन-कल्याण पर्व अंतर्गत विकास की अनेक सौगातें देंगे। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नगर पालिका निगम एवं स्मार्ट सिटी लिमिटेड सागर द्वारा गौरव दिवस एवं लाखा बंजारा झील के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास, सागर सिटी गवर्नेंस नगर पालिका निगम कार्यालय एवं दो जोनल सेंटर का लोकार्पण करेंगे। बुंदेली माटी के सपूत डॉ. हरिसिंह गौर की नगरी सागर की पहचान लाखा बंजारा झील के जीर्णोद्धार उपरांत लोकार्पण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, नागरिक एवं खाद् आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, विधायक श्री शैलेंद्र जैन, नगर पालिका निगम महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, नगर पालिक निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहिरवार सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर जेपीसी की भूमिका अहम : वीके सिंह

जोधपुर(आरएनएस)। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह रविवार को एक कार्यक्रम में शिरकत करने जोधपुर पहुंचे। इस दौरान जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन पर अपने विचार रखे।जनरल वीके सिंह ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन के विचार पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ है और इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में इस मुद्दे पर गहन मंथन किया गया था। इस विचार पर कार्य करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम किया गया है।

जनरल वीके सिंह ने आगे कहा कि अब एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित की गई है, जो इस विचार को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया पर विचार करेगी। यह समिति यह तय करेगी कि इसे कैसे लागू किया जा सकता है और किस प्रकार से इसे प्रारंभ किया जाएगा। इस पहल से भारतीय लोकतंत्र की प्रक्रिया को और भी सशक्त किया जा सकता है।



आपको बताते चलें, एक देश, एक चुनाव विधेयक पर विचार के लिए संसद ने 39 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद पीपी चौधरी करेंगे। समिति के 39 सदस्यों में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, सपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो तथा शिवसेना, तेदेपा, जदयू, रालोद, लोजपा (रामविलास), जन सेना पार्टी, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा-(सपा), माकपा, आप, बीजद और वाईएसआरसीपी के एक-एक सदस्य शामिल हैं।

## तीसरी आंख




## मृत सारस में बर्ड फ्लू वायरस मिला, पक्षियों पर भी संकट मंडराया




जयपुर(ए)। फलोदी जिले से बर्ड फ्लू की खबरें आ रहीं है। खीचन गांव में मृत पाई गई कुरजां में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है। विसरा के सैंपल 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनीमल डिजीज लैब में भेजे गए थे। 21 दिसंबर को जांच रिपोर्ट में वायरस की पुष्टि हुई है।वायरस की पुष्टि ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के भीतर चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि यह वायरस अन्य पक्षी प्रजातियों के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। अब तक खीचन क्षेत्र में संक्रमण के कारण सात सारसों की मौत हो चुकी है।पशुपालन विभाग ने त्वरित प्रतिक्रिया टीम (रैपिड रिस्पांस टीम) का गठन किया है और वन विभाग ने निगरानी एवं सर्वेक्षण दल तैनात किए हैं। उन क्षेत्रों में सतर्क निगरानी की जा रही है, जहां सारस आराम करते हैं और घूमते हैं। स्थानीय अधिकारियों ने भी लोगों से अपील की है कि वे सारसों के प्रवास वाले क्षेत्रों में जाने से बचें।

## अखिलेश यादव को संघ की शाखा में जाना चाहिए : केशव प्रसाद मौर्य

कानपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने रविवार को कानपुर के प्रसिद्ध गुरुद्वारा में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संघ की शाखा में जाने की सलाह दी।मीडिया से बात करते हुए केशव मौर्य ने कहा कि आज कानपुर के ऐतिहासिक और प्रसिद्ध गुरुद्वारा में मैंने मत्था टेका। कानपुर का यह ऐतिहासिक स्थान है, जहां केवल कानपुर ही नहीं देश और दुनिया से विशेष तौर पर लोग आते हैं। आज यहां माथा टेकने का सौभाग्य मिला है। मैं इस अवसर पर गुरु चरणों में नमन करता हूं और जो त्याग व बलिदान गुरु गोविंद सिंह और उनके पुत्रों ने किया है, उसे देश हमेशा याद रखेगा।उन्होंने कहा कि सात और नौ वर्ष की आयु कोई आयु नहीं होती, लेकिन राष्ट्र के लिए, धर्म के लिए उन्होंने दीवारों में चुना जाना स्वीकार किया, लेकिन शीश झुकाना स्वीकार नहीं किया। धर्म परिवर्तन करना स्वीकार नहीं किया। आज हमें प्रेरणा भी मिलती है और किसी भी चुनौती का सामना करने का साहस भी जागृत होता है।आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान पर मौर्य ने कहा कि मैं आरएसएस का स्वयंसेवक हूं। हमारे लिए तो उनका हर बयान आदेश होता है। अखिलेश यादव या अन्य राजनेता, जो अपनी राजनीति चमकाने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को निशाने पर लेते रहे हैं।

## संभल में मिली 250 फीट गहरी बावड़ी, राजस्व विभाग करा रहा खुदाई



संभल (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में चंदौसी में शनिवार को राजस्व विभाग ने एक जमीन की खुदाई की। उस दौरान एक विशालकाय बावड़ी के बारे में खुलासा हुआ।250 फीट गहरी बावड़ी के मिलने से इलाके में हलचल मच गई है। बावड़ी के बारे में यह कहा जा रहा है कि यह बहुत पुरानी हो सकती है और इसमें ऐतिहासिक महत्व हो सकता है।बताया जा रहा है कि चंदौसी के लक्ष्मणगंज इलाके में 1857 से पहले हिंदू बाहुल्य था। यहां सैनी समाज के लोग रहते थे लेकिन वर्तमान में यहां मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या अधिक है।

जिलाधिकारी राजेंद्र पेसियां ने बताया कि खतौनी के अंदर पॉइंट 040 अर्थात 400 वर्ग मीटर क्षेत्र है। वह बावली तालाब के रूप में यहां दर्ज है। स्थानीय लोग बताते है कि बिलारी के राजा के नाना के समय बावड़ी बनी थी। इसका सेकंड और थर्ड फ्लोर मार्बल से बना है। ऊपर का तल ईटों से बना हुआ है। इसमें एक कूप भी है और लगभग चार कक्ष भी बने हुए हैं। धीरे धीरे मिट्टी निकाल रहे हैं ताकि इसकी संरचना को किसी भी प्रकार की कोई हानि न हो। वर्तमान में इसका 210 वर्ग मीटर एरिया ही लग रहा है, शेष क्षेत्रफल कब्जे में है। कम से कम सवा सौ से डेढ़ सौ वर्ष पुरानी बावड़ी हो सकती है।दरअसल संभल में 46 साल पुराने मंदिर मिलने के बाद डीएम को एक शिकायत पत्र दिया गया था, शिकायत पत्र में यह दावा किया गया था कि लक्ष्मणगंज में पहले बिलारी की रानी की बावड़ी थी।संभल जिले के लक्ष्मणगंज इलाके में बिलारी की रानी की बावड़ी से संबंधित शिकायत के बाद जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ने मामले की जांच के आदेश दिए।





# नाथ संप्रदाय ने दुनिया को योग का वास्तविक अर्थ समझाया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

>>> दुनिया के सभी देश, भारत की सनातन संस्कृति को समझने की रखते है जिज्ञासा
>>> स्वयं को जानने की कला गुरु गोरखनाथ ने दुनिया को सिखाई

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुनिया के सभी देश, भारत की सनातन संस्कृति को समझने की जिज्ञासा रखते हैं। भारत को जानने के लिए भारत में प्राचीनकाल से चली आ रही सनातन संस्कृति को जानना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीनकाल से चली आ रही भारत की योग परंपरा को संयुक्त राष्ट्र संघ से पूरे विश्व में मान्यता दिलाई स्थापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नाथ संप्रदाय ने दुनिया को योग का वास्तविक अर्थ समझाया है। आदि गुरु गोरखनाथ के मार्गदर्शन में योग के विश्व के सर्वाधिक प्रसार में नाथ संप्रदाय का प्रमुख योगदान रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बुधनी तहसील के ग्राम जर्रापुर में आयोजित नाथ संप्रदाय के संत समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य की आत्मा में परमात्मा विराजमान हैं। उन परमात्मा को जानने का सबसे सुगम माध्यम योग है। गुरू गोरखनाथ अपनी योग्यता एवं कुशलता से अपने जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों एवं विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल बना लेते थे। यह सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है। मृत्यु से पहले अपने आप को जानने की कला गुरू गोरखनाथ ने



दुनिया को सिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि भारत की भूमि पर ऐसे संत हुए है, जिन्होंने इस भूमि को अपनी जन-कल्याण की भावना से पावन किया है। गंगा अपना अमृत समान जिस प्रकार जल सभी प्राणियों को निस्वार्थ भाव से उनके कल्याण के लिए प्रदान करती है, उसी प्रकार संत अपने जीवन के सभी सुखों को त्याग कर सभी प्राणियों एवं समाज के कल्याण के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरू गोरखनाथ ने संत श्री भृतहरी के जीवन में आत्म चेतना को जगा कर उनका जीवन बदल दिया था।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीनकाल से ही विश्व में अनेक संस्कृतियां रही हैं, पर समय के साथ अनेक संस्कृतियां विलुप्त हो गई पर भारत की सनातन संस्कृति अपनी मानव कल्याण की भावना के साथ सदैव अक्षुण बनी रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत का वर्चस्व पूरी दुनिया में बढ़ रहा है।

आज जब हमारे देश में विदेश से अतिथि आते है तो वे भारत की संस्कृति से बहुत प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि रामायण, महाभारत, श्रीमदभगवत गीता हमारे भारत की सनातन संस्कृति के पवित्र ग्रंथ है। हमें इनका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना चाहिए। ये ग्रंथ हमारे भारत में प्राचीनकाल से प्रचलित सनातन संस्कृति की पहचान भी है। उन्होंने संतों की मांग पर बुधनी में नर्मदा के किनारे घाट निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार साधु संतों की सेवा के निरंतर तत्पर है और उनकी आवश्यकतानुसार उज्जैन में भी आश्रम के लिये वैधानिक तौर पर भूमि उपलब्ध कराई जायेगी। गुरू पार्श्वनाथ जी, योगी बालकनाथ जी एवं राज्यसभा सदस्य बाल योगी उमेश नाथ ने भी संबोधित किया।

## व्यापम मामले में प्रदर्शन करने वाले कांग्रेस नेता न्यायालय से हुए दोष मुक्त, बोले-लड़ते रहेंगे लड़ाई

भोपाल (ए.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं पर जुलाई 2015 में व्यापाम महाघोटाले में लिप्त तत्कालीन मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर किए गए शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के दौरान हबीबगंज थाने में दर्ज किए गए प्रकरण में न्यायालय ने सभी 11 कांग्रेस नेताओं को दोषमुक्त करार दिया। प्रकरण में पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, और NSUI प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ,अमित शर्मा ,अंकित रघुवंशी समेत अन्य नेताओं पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147 एवं 353 (लोक सेवक को उनके कर्तव्य पालन में बाधा डालना ) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।

### यह न्याय की जीत

कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह न्याय की जीत है। झूठे प्रकरणों के जरिए कांग्रेस नेताओं को डराने और दबाने का जो प्रयास किया गया था, वह असफल हो गया है। हम जनता की आवाज उठाने और उनके हक की लड़ाई लड़ने के अपने संकल्प पर अडिग रहेंगे।

### छात्रो के भविष्य की थी लड़ाई

विवेक त्रिपाठी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने व्यापम घोटाले की निष्पक्ष जांच और लगातार हो रही संदिग्ध मौतों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की थी। यह प्रदर्शन मेधावी छात्रो के भविष्य की रक्षा के लिए एक बड़ा कदम था, व्यापम घोटाले



के खिलाफ जनता की आवाज उठाने की वजह से तत्कालीन शिवराज सरकार ने कांग्रेस नेताओं को झूठे मामलों में फंसाया गया था। लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है।

### जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष किया

त्रिपाठी ने कहा कि यह फैसला यह साबित करता है कि सत्य की हमेशा जीत होती है। हमें गर्व है कि हमने जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष किया और आगे भी करते रहेंगे।" त्रिपाठी ने स्पष्ट किया है कि भाजपा सरकार ने सत्ता के दुरुपयोग से कांग्रेस नेताओं को फंसाने का षड्यंत्र रचा था। सभी झूटे आरोपों को माननीय न्यायलय ने असत्य पाया न्यायालय का निर्णय कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के संकल्प और सत्यनिष्ठा का प्रमाण है।

## हमीदिया में बजट की कमी, आउटसोर्स कर्मचारियों की जाएगी नौकरी, 100 को दिया नोटिस, भूख हड़ताल की चेतावनी



भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के हमीदिया अस्पताल को चलाने के लिए पर्याप्त बजट नहीं मिल पा रहा है, इस वजह से अस्पातल मे आउटसोर्स के माध्यम से काम करने वाले 400 से अधिक कर्मचारियों को सैलरी दे पाना मुश्किल हो रहा है। इसे लेकर आउटसोर्स कर्मचारी कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं। लेकिन सरकार द्वारा इसे लेकर कोई पुख्ता कदम नहीं उठाए गए उन्हें एक-दो महीने की सैलरी देकर शांत कर दिया जाता है। अब जीएमसी प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाएगा। इसे लेकर प्रक्रिया भी जारी हो गई है जीएमसी प्रबंधन ने 100 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दिया है कि 31 दिसंबर उनकी नौकरी का आखिरी दिन होगा। ऐसे में 411 आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी पर तलबार लटक गई है।हमीदिया अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि यह सब हड़ताल करने के बाद किया जा रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें नौकरी से निकाला गया तो वे स्थ्य मंत्री के बंगले पर भूख हड़ताल करेंगे। जबकि जीएमसी प्रबंधन का कहना है कि उनके पास कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए बजट उपलब्ध नहीं है। आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल के बाद उन्हें एक माह की सैलरी दे दी गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाजना-रतलाम में हुई सड़क दुर्घटना पर किया शोक व्यक्त

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम जिले के बाजना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दु:ख की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से दो-दो लाख रुपये स्वीकृत कर जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगतों की पुण्य आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने और शोक संतप्त परिवार को गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## भोपाल में 27 से 30 दिसंबर तक विज्ञान मेले का आयोजन, विज्ञान के विद्यार्थियों, शिक्षकों के लिए रहेगा खास



भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विज्ञान मेले का आयोजन 27 से 30 दिसंबर तक किया जाएगा। रविवार को जंबूरी मैदान पर इसका भूमि पूजन किया गया। रविवार को भोपाल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने बताया कि यह मेला विज्ञान भारती मध्य भारत प्रांत एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाता है।मेले में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक विकास के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है। यह मेला बीवीएम विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, किसानों, कारीगरों, उद्यमियों और आम जनता को आकर्षित करता है और उनके बीच आपसी संवाद का एक सशक्त और सुलभ मंच प्रदान करता है।

विज्ञान भारती मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष डॉ.अमोघ गुप्ता ने बताया कि यह मेला बीवीएम आत्मनिर्भर भारत अभियान के उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्त्वपूर्ण योगदान देगा और स्वतंत्र भारत की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा। बीवीएम-2024 का केंद्रीय विषय "विकसित भारत 2047, का आधार विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार" है। बीवीएम एक ऐसा अद्वितीय मंच प्रदान करता है जो संवाद के अवसर तो प्रदान करता ही है,

## मध्यप्रदेश करप्शन का समुद्र बन गया हैं, जिसमें करप्शन रूपी सभी छोटी-बड़ी नदियां मिलती हैं : जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये प्रदेश की एक वर्ष की भाजपा सरकार और उसमें व्याप्त भारी भ्रष्टाचार, कर्ज और अपराधों की श्रृखंला पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हये मोहन यादव सरकार पर प्रश्नचिन्ह लगाया है।



जीतू पटवारी ने कहा कि जहां एक ओर भाजपा एक वर्ष पूरा होने पर जनकल्याण पर्व मना रही है वहीं भाजपा से संरक्षित नेताओं, अधिकारियों और छोटे से कर्मचारियों के यहां करोड़ों की बेनामी संपत्ति के मिलने के खुलासे हो रहे हैं तो कहीं करोड़ों रूपये के सोने और चांदी पकड़े जाने की खबरे सामने आ रही है। इससे स्पष्ट है कि मोहन यादव की सरकार में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। हाल ही में सामने आये भ्रष्टाचार के मामले, जिसमें एक आरटीओ आरक्षक के यहा से करोड़ों रूपयें की संपत्ति मिली है। करप्शन के समुद्र का आरटीओ विभाग का यह मामला सबसे छोटी मछली है, तो प्रदेष में कितने बड़ी-बड़ी मछलिया होगी, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। आयकर और लोकायुक्त के छापे पड़ रहे हैं, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों के यहां लाखों-करोड़ों रूपयों की बेनामी संपत्ति मिल रही है, सरकार के एक साल की यही सच्चाई है। पटवारी ने कहा कि 20 से प्रदेश में भाजपा की सरकार है, यह सरकार जनता की नहीं, माफिआओं की सरकार हैं, जो भाजपा की सांठगांठ से चल रही है, जिसे पहले शिवराज सिंह ने चलाया और अब मोहन यादव चला रहे हैं। शिवराज सिंह की झूठी-सच्ची योजनाओं के दम पर चुनाव हुआ और मोहन यादव को पर्ची के जरिये मुख्यमंत्री बना दिया गया और पर्ची से बने मुख्य मंत्री मोहन यादव की पर्ची काफी महंगी पची हो गई है, कर्ज की सरकार चल रही है। प्रत्येक व्यक्ति पर 70 हजार का कर्ज है और सरकार द्वारा कर्ज के नाम पर राजनीतिक अय्याशी की जा रही है। मेरे पास इससे नीचे का काई शब्द नहीं है। सरकार का जब कर्ज से पेट नहीं भरता है तो संपत्तियां बेचते हैं। अब तक 10 हजार करोड़ की संपति बेची जा चुकी है।जीतू पटवारी ने कहा कि धांधली का सोना मंत्रियों का है जो गाड़ियों में लावारिस मिलता है। हाल ही में भोपाल में 52 किलो सोना मिला, 11 करोड़ केश मिला है। मैं फिर कहूंगा कि मोहन यादव की पर्ची बहुत महंगी है, सोने की थाल में सरकार खाना खा रही है और देष भर में किसान डंडे खा रहे हैं।यहां सिपाही ही करोड़पति है। एनसीआरबी के आंकड़े कहते हैं जमीन के सबसे ज्यादा घपले-घोटाले एमपी में ही हो रहे हैं। जिसमें मप्र टाप फाइव की श्रेणी में है। पटवारी ने कहा कि प्रदेश में आइटी की लगातार रेड हो रही है, आरटीओ का छापा मामले में सबसे छोटी मछ्ली सामने आई हैं। आरटीओ के अधिकारी का हवाला देते हुये उन्होंने बताया कि 35 करोड़ महीना की उगाही हो रही हैं। बीते 15 साल में 15 हजार करोड़ की धांधली हुई हैं। चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवारों को 06-06 करोड़ दिए गए। हैलीकॉप्टर से पैसा पहुंचाया गया। बीजेपी में चोरी के माल का रगड़ा चल रहा है। कांग्रेस विधायक विधानसभा में पूछते हैं कोई प्रष्न करते हैं तो भाजपा बताती नहीं केवल तीन दिन विधानसभा चली सरकार ने अपने कागजी काम निपटाये, बिल पास कराए और खत्म।

## तीन महीने में दो बैंक खातों से 5.56 करोड़ का ट्रांजेक्शन, बैंक खाता खरीदने-बेचने वाले 3 गिरफ्तार



भोपाल(ए.)। राजधानी की कोलार थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी तरीके से बैंक खाता बेचने व खरीदने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपियों ने तीन महीने के भीतर दो बैंक खातों में 5.56 करोड़ रुपये से ज्यादा का ट्रांजेक्शन किया था। इस मामले में अभी तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 8 लाख रुपए नकद, लैपपाट और मोबाइल फोन समेत लाखों रुपये का सामान जब्त हुआ है। गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जानकारी के अनुसार इस मामले की शिकायत बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा मंदाकिनी कालोनी कोलार रोड द्वारा पुलिस को ईमेल के माध्यम से दी गई थी। शिकायत में बताया गया कि एक खाता धारक राहुल श्रीवास्तव अपना बैंक खाता बंद करवाने के लिए आया है। इस खाता धारक के दो अकाउंट में पिछले 3 महीने के भीतर 5.56 करोड़ रुपये से ज्यादा का लेनदेन हुआ है, जो सायबर अपराध की तरफ इशारा करता है। इसके साथ ही करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन का विवरण भी पुलिस को दिया गया था। पुलिस ने जब खाताधारक राहुल श्रीवास्तव को तलब किया तो उसने बताया कि अपने दोनों खाते उदयपुरा रायसेन निवासी घनश्याम सिंगरोले को 45 हजार रुपए किराए पर ट्रेडिंग के लिए दिए थे, जिसके द्वारा उसे चालीस हजार रुपये का भुगतान भी किया गया है। पुलिस ने जब आगे जांच की तो पता चला कि राहुल श्रीवास्तव और उसकी पत्नी प्रीति श्रीवास्तव के नाम पर उसी बैंक में दो और अकाउंट ऑनलाइन खोले गए हैं, जिनकी जानकारी दोनों को नहीं थी। इन दोनों खातों में भी करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है।

## *प्रदेश के शासकीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा समय-सारणी जारी*

*भोपाल (आरएनएस)। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा-3, 4, 6 और कक्षा-7 की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी की है। परीक्षा के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर को आवश्यक निर्देश भी जारी किये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने वार्षिक परीक्षा के आयोजन के पहले बैठक व्यवस्था और अन्य तैयारियों के संबंध में जिला परियोजना समन्वयकों को पूर्व तैयारी करने के लिये कहा है।*

*कक्षा-3 और 4 की वार्षिक परीक्षा अगले वर्ष 6 मार्च से शुरू होकर 11 मार्च को समाप्त होगी। इन कक्षाओं की परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक रहेगा। कक्षा-6 और 7 की वार्षिक परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 12 मार्च, 2025 को समाप्त होगी। इन कक्षाओं की परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक रहेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जायेगी।*

## दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी पर लगे आरोपों को बताया झूठ, 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल को लेकर कही ये बात

भोपाल (ए.)। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा है कि उन्हें संदेह है कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' (ONOE) बिल संसद में पास होगा। उन्होंने कहा कि जेपीसी का गठन हो चुका है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह बिल पास होगा। साथ ही उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर बीजेपी सांसदों को "धक्का-मुक्की" करने के आरोपों को भी खारिज कर किया। ये बातें कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह शनिवार रात मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले में पत्रकारों से बात करते हुए कही। बता दें कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के तहत दो बिल, जिनमें एक संविधान संशोधन की आवश्यकता है, मंगलवार को लोकसभा में पेश किए गए थे। शुक्रवार को इन बिलों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया।गुरुवार को संसद परिसर में बीजेपी सांसदों को "धक्का-मुक्की" करने के आरोप में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। दिग्विजय सिंह ने इन आरोपों को झूठा बताया। उन्होंने कहा कि धक्का-मुक्की बीजेपी नेताओं के बीच हुई थी। बीजेपी सांसद एक दूसरे पर गिर गए।



## निगम अमले ने संगम टॉकीज से अल्पना तिराहा होकर रॉयल मार्केट तक की अतिक्रमणों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने संगम टॉकीज से अल्पना तिराहा होते हुए हमीदिया रोड, रॉयल मार्केट तक अतिक्रमणों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 200 टेबिल्स, 24 साईकिल, कांउटर, बोर्ड, गुमठी, ठेले सहित 12 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्तों के दलों ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए उत्तर विधानसभा क्षेत्र के संगम टॉकीज, अल्पना तिराहा, हमीदिया रोड, मनोहर डेयरी, नादरा बस स्टैंड चैराहा, भोपाल टॉकीज, ताज महल, एल.बी.एस अस्पताल, ताजुल मसाजिद रोड, रॉयल मार्केट, काला दरवाजा क्षेत्र तक सड़कों के दोनों ओर, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए अतिक्रमणों को हटाते हुए गुमठी, ठेले, 200 टेबिल्स, 24 साईकिल्स, काउंटर, बोर्ड सहित अन्य प्रकार का 12 ट्रक सामान जप्त किया। कार्यवाही के दौरान जिला पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा

### महापौर श्रीमती मालती राय राष्ट्रीय बालरंग के समापन समारोह में हुईं शामिल



भोपाल (निप्र)। भोपाल नगर निगम महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक और कलात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। इसके लिये शिक्षक बच्चों को प्रोत्साहित करें। महापौर श्रीमती मालती राय आज राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में स्कूल शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय बालरंग समारोह के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं।महापौर श्रीमती राय ने कहा कि राष्ट्रीय बालरंग में विभिन्न राज्यों के बच्चों की प्रस्तुतियाँ राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करती हैं। बच्चों को इस आयोजन से विभिन्न राज्यों की संस्कृति और विरासत को जानने का भी मौका मिलता है। कार्यक्रम में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पाण्डे, संचालक लोक शिक्षण डी.एस. कुशवाह और विभागीय अधिकारी पी.के. सिंह भी उपस्थित थे।

### प्रतियोगिता के परिणाम

राष्ट्रीय बालरंग में 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के बच्चों ने अपने-अपने राज्य की संस्कृति पर आधारित लोक-नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं। प्रथम पुरस्कार पांडिचेरी के बच्चों को दिया गया। पुरस्कार स्वरूप एक लाख 11 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी। द्वितीय पुरस्कार हरियाणा के बच्चों को दिया गया। पुरस्कार स्वरूप 75 हजार रुपये की राशि दी गयी। तृतीय पुरस्कार केन्द्र शासित राज्य चण्डीगढ़ को दिया गया। उन्हें 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी। सांत्वना पुरस्कार मध्यप्रदेश और उत्तराखण्ड के बच्चों को उनके प्रदर्शन के लिये दिया गया। इन्हें 21-21 हजार रुपये की राशि दी गयी। तीन दिवसीय राष्ट्रीय बालरंग में विजन-2047 प्रदर्शनी लगायी गयी थी। प्रदर्शनी में राजधानी भोपाल के बच्चों ने वर्ष 2047 के विजन के अनुरूप मॉडल प्रदर्शित किये। विकसित भारत अभियान पर विभिन्न राज्यों की संस्कृति को दर्शाती प्रदर्शनी लगायी गयी थी। इसके अलावा स्काउट कैम्प, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और विभिन्न राज्यों के व्यंजनों के स्टॉल लगाये गये थे। इनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बालरंग में तात्कालिक भाषण, प्रश्न-मंच, केलियोग्रॉफी, लोक-गीत, सुगम संगीत और निश्क्त बच्चों के लिये विशेष प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं।

## विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने किया योग

बुरहानपुर (आरएनएस)। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर शनिवार को डीआरपी लाइन में एसपी देवेंद्र पाटीदार, एएसपी एएस कनेश, सीएसपी गौरव पाटिल सहित थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों ने योगा किया।

एसपी देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिस की तनाव पूर्ण और चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के चलते पुलिसकर्मियों के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डीआरपी लाइन में ध्यान योग कार्यशाला हुई।इस दौरान एसपी ने कहा- ध्यान और योग के नियमित अभ्यास से जीवन में आने वाले तनाव से मुक्ति मिलती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। जीवन में सकारात्मकता और उत्साह का समावेश होता है। इसका अभ्यास नियमित करना चाहिए। हॉर्टफुलनेस संस्था खंडवा से आए योग प्रशिक्षक डॉक्टर अक्षय वर्मा ने पुलिस अफसर, कर्मियों को योग कराया। उन्होंने सभी को योग, ध्यान का जीवन में महत्व बताते हुए कहा ध्यान की विभिन्न मुद्राएं होती है। प्राणायाम करने के तरीके बताए। इस दौरान रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित सहित सभी थाना, चौकी प्रभारी मौजूद थे।

## पुलिस ने साइबर जागरुकता अभियान चलाया

बुरहानपुर (आरएनएस)। नावरा पुलिस ने शनिवार को हाट बाजार इलाके में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस थाना प्रभारी मनीष पटेल ने अपनी टीम के साथ ग्रामीणों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए। साथ ही उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं होने जानकारी ग्रामीणों को दी।

बुरहानपुर जिले में पुलिस विभाग साइबर जागरूकता अभियान चला रहा है। इसके तहत पुलिस टीमें ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर जागरूक कर रही हैं।

इस दौरान थाना प्रभारी ने मातृ वंदना योजना, किसान सम्मान निधि योजना और संबल योजना जैसी सरकारी योजनाओं के लाभ मिलने के नाम पर होने वाले फ्रॉड से बचने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने फर्जी अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, लोन दिलाने, केवाईसी अपडेट करने के नाम पर होने वाले वित्तीय फ्रॉड से भी जागरूक किया।

थाना प्रभारी ने बताया कि व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से आने वाली वीडियो कॉल से बचना चाहिए। बैंकिंग संबंधी कोई भी कार्य होने पर अपनी नजदीकी शाखा में जाकर उसकी जानकारी लेनी चाहिए। वहीं, किसी भी तरीके का साइबर फ्रॉड होने पर केंद्र सरकार के जारी टोल फ्री नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने की साइबर डेस्क पर शिकायत दर्ज करवानी चाहिए।


## चाकू की नोक पर ऑटो रिक्शा लूटा

रीवा (आरएनएस)। शनिवार को चाकू की नोक पर बदमाशों ने चालक से ऑटो लूट लिया। पहले तो बदमाश यात्री बनकर ऑटो में सवार हुआ, चालक को 1 किलोमीटर दूर ले गया। ऑटो चालक उसे सवारी समझकर उसके गंतव्य स्थल तक लेकर गया। लेकिन इसी बीच अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश ने चाकू की नोक पर उसे डराया धमकाया। फिर उससे ऑटो लूट लिया। घटना के बाद चालक, ऑटो मलिक के पास पहुंचा, फिर दोनों ने रीवा के सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।ऑटो मालिक ने बताया कि महज एक महीने पहले ही मैंने 1 लाख 70 हजार रुपए में नया ऑटो खरीदा था, जिसे बदमाश ने लूट लिया। अब थाने का चक्कर लगा रहे हैं। हम मध्यम वर्गीय परिवार से हैं और ऑटो ही हमारी आजीविका का साधन है।

# सागर की लाखा बंजारा झील ने संरक्षण और सौंदर्यीकरण से प्रदेश में बनाई अनूठी पहचान

## पर्यटकों के आने से रोजगार और आय बढ़ेगी

सागर (आरएनएस)। सागर शहर की ऐतिहासिक धरोहर लाखा बंजारा झील से सागर शहर की पहचान देश और प्रदेशभर में रही है। यह झील सागर शहर का प्रमुख जल स्त्रोत भी है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के स्मार्ट सिटी मिशन में लाखा बंजारा झील का संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य 111 करोड़ 33 लाख रूपये की लागत से किया गया है। सागर शहर की यह ऐतिहासिक झील सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कायाकल्प के बाद अपने इस रोमांचित करने वाले नये स्वरूप में शहरवासियों के सामने उभरकर सामने आयी है। झील किनारे मंदिरों में जलगंगा आरती जैसा आयोजन नागरिकों में धार्मिक और आध्यात्मिक भावना को भी बढ़ाएगी। दूसरी ओर अत्याधुनिक खेल और मनोरंजन जैसी सुविधाएं पर्यटकों को मानसिक एवं शारीरिक सुकून प्रदान करेंगी। पर्यटकों के आने से रोजगार और आय के साधन बढ़ेंगे।



### झील को स्वच्छ बनाने 5.5 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर की गई नाला टेपिंग

स्मार्ट सिटी परियोजना में 400 एकड़ विशाल क्षेत्र में फैली लाखा बंजारा झील में वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से कार्य किया गया है। झील के संरक्षण के लिये हाइड्रोलिक सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण के जरिये झील के विभिन्न स्थलों पर पानी की गहराई, झील की भौतिक, रासायनिक और जैविक विशेषताओं की जानकारी एकत्र की गई। झील के जैव विविधता का ध्यान में रखते हुए झील के जल की गुणवत्ता की लेब में जांच की गई। लेब रिपोर्ट में झील के जल का टर्बिडिटी मान 82 जेटीयू से अधिक पाया गया, जो कि 2.5 जेटीयू से अधिक नहीं होना चाहिए। इस वजह से झील के संरक्षण के लिये झील के पानी को पूरी तरह खाली कर ग्रेविटी के माध्यम से झील के संरक्षण का कार्य शुरू किया गया। झील की परिधि से जुड़े 4 बड़े और 37 छोटे नालों सहित कुल 41 नालों से निकलने वाले दूषित पानी को झील में मिलने से रोका गया। इसके लिये झील परिधि में 5.5 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर नाला टेपिंग का कार्य किया गया। इस प्रकार करीब 2 एमएलडी ग्रेवॉटर सीवरेज गंदे पानी पर रोक लगाई गई है।

### दूषित पानी के उपयोग के लिये ट्रीटमेंट प्लांट

झील के आसपास गंदे पानी को पुनः उपयोग बनाने के लिये मोंगा बधान की ओर 4 एमएलडी क्षमता का वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। ट्रीटमेंट किये गये पानी का उपयोग झील किनारे ड्रिप इरीगेशन लाइन द्वारा पौधों की सिंचाई के लिये किये जाने की व्यवस्था की गई है। वॉटर ट्रीटमेंट से प्राप्त दूषित सामग्री को खाद के रूप में उपयोग किये जाने की व्यवस्था की गई है। झील को खाली कर सुखाने की प्रक्रिया में 8 लाख घनमीटर सिल्ट को झील से बाहर निकाला गया। इससे झील की गहराई बढ़ने के साथ ही भू-जल संरक्षण क्षमता में वृद्धि हुई है। इस कारण से झील के आसपास भूमिगत पानी के स्तर में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

### झील के सौंदर्यीकरण का कार्य

झील के किनारे फ्लेग और कोबल स्टोन लगाकर करीब 5 किलोमीटर लंबे व्यवस्थित पाथ-वे का निर्माण किया गया है। झील के चारों तरफ सुंदर प्लांटेशन और आकर्षक कलाकृतियों को स्थापित किया गया है। झील के किनारे पाथ-वे बनने से शहर के नागरिक मॉर्निंग और इवनिंग वॉक कर सकेंगे। बारिश के दौरान झील का जल स्तर बढ़ने पर इसे निर्धारित लेवल पर लाने के लिये स्लूस गेट बनाये गये हैं। मोंगा बांध पर पेडेस्ट्रीयन ब्रिज का निर्माण भी किया गया है। चकराघाट से गणेशघाट तक 400 मीटर के विशाल घाट सहित 8 घाटों का लाल पत्थर से पुनर्निर्माण किया गया है।

### प्रतिमा की स्थापना

सागर की इस विशाल झील के निर्माण करने वाले लाखा बंजारा की प्रतिमा शहर के दीनदयाल चौक के पास स्थापित की गई है। झील को चारों ओर से सुरक्षित बनाने के लिये लोहे की ऊँची ग्रिल लगाकर बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया है। रात्रि के समय झील के नजारे को आकर्षक और सुरक्षित बनाने के लिये आकर्षक लाइटिंग और पाथ-वे पर स्ट्रीट लाइट से हाई मास लाइट स्थापित की गई है। झील के सौंदर्यीकरण में इसके किनारे पर अलग-अलग थीम पर विकास कार्य किया गया है। गणेशघाट से चकराघाट तक प्राचीन मंदिरों की श्रृंखला और सागर के ऐतिहासिक किले की बाहरी दीवारों को पेंटिंग करके आकर्षक बनाया गया है। लाल पत्थर से 4 बड़ी छतरियों और 9 नवग्रह मंडप का निर्माण किया गया है। झील के किनारे स्पोर्टस् जोन का भी निर्माण किया गया है।

### जल विहार का विकास

झील के मुख्य प्रवेश द्वार पर मोंगा बंधान और मनोरंजन सुविधाएं विकसित की गई हैं। जल विहार के लिये नागरिकों के लिये पैडलबोट, मोटर बोट और विशाल क्रूज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## कार की टक्कर से बाइक युवक की मौत

गंजबासौदा/विदिशा(आरएनएस)। शुक्रवार रात हम्माली कर घर वापस लौट रहे बाइक सवार युवकों को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। उसे जिला अस्पताल विदिशा रेफर किया गया है। हादसा बासौदा मंडी गेट के सामने हुआ। कृषि उपज मंडी में हम्माली का काम करने वाले सोनू और संतोष बाइक से शुक्रवार देर रात मंडी से वापस घर जा रहे थे, तभी पुरानी मंडी के गेट के सामने एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार सोनू और संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में बासौदा हॉस्पिटल में ले जाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को विदिशा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद सोनू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, संतोष अहिरवार को मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।बताया गया कि सोनू शादीशुदा है उसका एक छोटा लड़का है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## कैबिनेट मंत्री नागर ने छात्र-छात्राओं को 108 साइकिलें वितरण कीं

आलीराजपुर(आरएनएस)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदपुर में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने शनिवार को कक्षा 6वीं और 9वीं के बालक-बालिकाओं को 108 साइकिलें वितरण कीं।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए मध्य प्रदेश शासन नई-नई योजनाएं ला रही हैं। इससे छात्राएं ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। जहां उनका उत्तीर्ण प्रतिशत लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## जनपद उपाध्यक्ष पर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप, एफआईआर दर्ज

मंडला (आरएनएस)। मंडला जनपद के उपाध्यक्ष पर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज हुआ है। ग्राम पंचायत ग्वारा सरपंच ममता उइके ने बम्हनी थाने में शिकायत की थी कि जनपद उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर और एक पंच लेखराम जंघेला ने ग्राम ग्वारा के एक जर्जर स्कूल भवन को प्रक्रिया का पालन किए बिना ही जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर मलबा ले गए। सरपंच की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बम्हनी थाने में दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। ग्राम ग्वारा सरपंच ममता उइके ने अपनी शिकायत में बताया है कि अनुविभागीय अधिकारी और सीईओ जनपद पंचायत मंडला ने जर्जर स्कूली भवनों को नीलामी प्रक्रिया का का पालन करते हुए डिस्मेंटल करने का पत्र जारी किया था। लेकिन जनपद उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर और पंच लेखराम जंघेला बिना निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए अवैध तरीके से भवन को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने इसकी सूचना पंचायत को भी नहीं दी। सरपंच ने जनपद उपाध्यक्ष पर मनमाने तरीके से शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करने की मांग की थी।

## व्यापार समाचार

# आसमान छूती कीमत ने तोड़ी प्रॉपर्टी बाजार की कमर, इन 9 शहरों में घरों की बिक्री 21 प्रतिशत गिरी

नई दिल्ली (आइएनएस) । प्रॉपर्टी बाजार को जोर का झटका लगा है। देश के 9 बड़े शहरों में घरों की बिक्री में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान सालाना 21 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। आखिर घरों की मांग क्यों हो रही है। इस पर रियल्टी एक्सपर्ट का कहना है कि घरों की मांग में गिरावट की एकमात्र वजह है और वह आसमान छूती प्रॉपर्टी की कीमत है। पिछले कुछ सालों में कुछ मुट्ठी भर निवेशकों के दम पर प्रॉपर्टी की कीमत में बेतहाशा बढ़ोतरी की गई है। इसका असर यह हुआ कि जो वास्तविक होम बायर्स है, उसके बजट से बाहार प्रॉपर्टी की कीमत निकल गई है। उसके पास पैसे है लेकिन बाजार में विकल्प नहीं है। प्रॉपर्टी मार्केट में अफोर्डेबल प्रोजेक्ट बिल्कुल खत्म हो गया है। अब 1 करोड़ से कम कीमत का फ्लैट की बात करना बेमानी है। इसके चलते लोअर मिडिल क्लास चाहकर भी अपना घर खरीद नहीं पा रहा है। इसका आमियाजा है कि तिमाही दर तिमाही प्रॉपर्टी की बिक्री गिर रही है।

**इन शहरों के घरों की मांग में बड़ी गिरावट**

प्रॉपइक्विटी ने भारत के प्रमुख नौ आवास बाजारों - दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नवी मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु,



पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, ठाणे के लिए बिक्री संख्या जारी की। इसने केवल दिल्ली-एनसीआर में बिक्री बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।

आंकड़ों के अनुसार, नौ शहरों में आवासीय संपत्तियों की कुल बिक्री चालू तिमाही में घटकर 1,08,261 इकाई रह जाने की संभावना है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1,37,225 इकाई थी। हालांकि, सितंबर तिमाही में 1,03,213 इकाई से बिक्री में पांच प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। हैदराबाद में अक्टूबर-दिसंबर 2024 के दौरान घरों की बिक्री 47 प्रतिशत घटकर 12,682 इकाई रह जाने का अनुमान है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 24,044 इकाई थी। बेंगलुरु में बिक्री 17,276 इकाई से 13 प्रतिशत घटकर 14,957 इकाई रह सकती है, जबकि चेन्नई में 4,673 इकाई से नौ प्रतिशत घटकर 4,266 इकाई रह सकती है। मुंबई में घरों की बिक्री 13,878 इकाई से 27 प्रतिशत घटकर 10,077 इकाई रह जाने की संभावना है। नवी मुंबई में दिसंबर तिमाही के दौरान घरों की बिक्री 8,607 इकाई से 13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,478 इकाई रहने का अनुमान है, जबकि ठाणे में 26,099 इकाई से 16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,893 यूनिट रह जाने की संभावना है।

**कोलकाता में 33 प्रतिशत की बड़ी गिरावट**

कोलकाता में 5,653 इकाई से 33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,763 इकाई रह जाने की संभावना है। पुणे में आवासीय संपत्तियों की बिक्री 26,641 इकाई से 24 प्रतिशत घटकर 20,230 इकाई रह सकती है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) बाजार इस रुझान को बदलने के लिए तैयार है। एनसीआर बाजार में बिक्री दिसंबर तिमाही 2024 के दौरान 25 प्रतिशत बढ़कर 12,915 इकाई हो जाएगी,

## भारत में तेजी से बढ़ रहा पब्लिक ईवी चार्जर नेटवर्क, कर्नाटक और महाराष्ट्र शीर्ष पर

नई दिल्ली (आइएनएस) । भारत में अब तक इंस्टॉल हुए पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जर की संख्या 25,000 को पार कर गई है।

सरकार द्वारा शुक्रवार को दी गई जानकारी में बताया गया कि देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या 25,202 हैं।

भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि कर्नाटक 5,765 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद महाराष्ट्र 3,728 स्टेशनों के दूसरे और उत्तर प्रदेश 1,989 स्टेशनों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दे रहा है। 29 सितंबर, 2024 को मंत्रालय ने ईवी अपनाने में तेजी लाने, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने और देश में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना को नोटिफाई किया था।

## अगले महीने से महंगी होने वाली हैं होण्डा की कारें, ये कंपनिया भी बढ़ाएंगी अपनी गाड़ियों की कीमतें



नई दिल्ली (आइएनएस) । होंडा कार्स इंडिया ने अगले साल जनवरी से अपने सभी मॉडल की कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी घरेलू बाजार में अमेज, सिटी और एलिवेट जैसे मॉडल बेचती है। होंडा कार्स इंडिया के उपाध्यक्ष (मार्केटिंग और सेल्स) कुणाल बहल ने कहा कि ऑटो मैन्यूफैक्चरर कंपनी जनवरी 2025 की शुरुआत से अपने मॉडलों की कीमतों में 2 फीसदी तक की वृद्धि करेगी। बहल ने कहा,''कच्चे माल की लागत और लॉजिस्टिक्स में निरंतर वृद्धि के कारण इसका छोटा सा भार नए साल से मूल्य संशोधन के जरिये ग्राहकों पर डाला जाएगा।''मारुति सुजुकी, हुंदै और टाटा मोटर्स सहित विभिन्न कार मैन्यूफैक्चरर कंपनियां पहले ही जनवरी से कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा कर चुकी हैं।

### टाटा की गाड़ियां होंगी महंगी

टाटा मोटर्स ने हाल ही में 1 जनवरी, 2025 से अपने ट्रकों और बसों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। कंपनी ने यह बढ़ोतरी इनपुट लागत में बढ़ते दबाव की वजह से करने की बात कही। हालांकि कंपनी ने यह भी कहा है कि कीमत में बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के मुताबिक अलग-अलग होगी और यह ट्रकों और बसों की पूरी रेंज पर लागू होगी।

### ये कंपनियां भी बढ़ा रही हैं दाम

हुंदै मोटर इंडिया एक जनवरी, 2025 से अपने मॉडल रेंज की कीमतों में 25,000 रुपये तक की वृद्धि करने पर विचार कर रही है। महिंद्रा एंड महिंद्रा जनवरी से अपने एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि यह समायोजन महंगाई और वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों के कारण बढ़ती लागत को देखते हुए किया गया है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि वह अगले महीने से अपने संपूर्ण मॉडल रेंज की कीमतों में तीन फीसदी तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी लगातार बढ़ती इनपुट लागत और अन्य बाहरी कारकों का नतीजा है। वहीं, ऑल्टो के10 से लेकर इनविक्टो तक के मॉडल बेचने वाली कंपनी ने कहा कि वह बढ़ती इनपुट लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है।

## विदेशी निवेशकों ने फिर स्टॉक मार्केट में की भारी बिकवाली, इतने सौ करोड़ के शेयर बेचे

नई दिल्ली (आइएनएस) । पिछले हफ्ते शेयर बाजार में 2022 के बाद सबसे बड़ी बिकवाली रही। बाजार में इनती बड़ी गिरावट की वजह विदेशी निवेशक रहे। दरअसल, लगातार दो सप्ताह तक खरीदार रहने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों से 976 करोड़ रुपये निकाले हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी में 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि.के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सप्ताह की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ की। पहले दो कारोबारी सत्रों (16-20 दिसंबर) के दौरान उन्होंने शेयरों में 3,126 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, बाद में उनके रुख में बदलाव आया और उन्होंने तीन सत्रों में 4,102 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की। इस तरह सप्ताह के दौरान उन्होंने शुद्ध रूप से 976 करोड़ रुपये की निकासी की। हालांकि, इसके बावजूद दिसंबर में एफपीआई का रुख सकारात्मक बना हुआ और उन्होंने माह के दौरान भारतीय शेयर बाजार में 21,789 करोड़ रुपये डाले हैं।

## पिछले हफ्ते रिलायंस के निवेशकों के 91,140 करोड़ डूबे, सेंसेक्स की सभी टॉप-10 कंपनियों ने दिया झटका

नई दिल्ली (आइएनएस) । पिछले हफ्ते शेयर बाजार में भारी बिकवाली ने सेंसेक्स की सभी कंपनियों का गणित बिगाड़ दिया। सभी कंपनियों की मार्केट कैप में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज के निवेशकों को उठाना पड़ा। रिलायंस के निवेशकों के 91,140 करोड़ डूब गए। आपको बता दें कि सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 4,95,061 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में मंदड़ियां रुख के बीच टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

**4000 अंक लुढ़का सेंसेक्स**

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,091.53 अंक या 4.98 प्रतिशत नीचे आया। भारतीय शेयर बाजार में यह जून, 2022 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। सप्ताह की शुरुआत अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा के साथ हुई, जिससे बाजार की



धारणा में बदलाव आया। फेडरल रिजर्व ने 2025 में ब्याज दरों में सिर्फ दो बार कटौती का संकेत दिया है। इससे बाजार धारणा प्रभावित हुई और दुनियाभर समेत भारतीय बाजार में भयंकर गिरावट आई।

**टीसीएस का मार्केट कैप 1,10,550 करोड़ घटा**

बीते सप्ताह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 1,10,550.66 करोड़ रुपये घटकर 15,08,036.97 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में 91,140.53 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 16,32,004.17 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 76,448.71 करोड़ रुपये घटकर 13,54,709.35 करोड़ रुपये पर और भारती एयरटेल की 59,055.42 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 8,98,786.98 करोड़ रुपये पर आ गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 43,909.13 करोड़ रुपये घटकर 7,25,125.38 करोड़ रुपये पर आ गया।

**आईसीआईसीआई बैंक ने भी किया निराश**

आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 41,857.33 रुपये घटकर 9,07,449.04 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 32,300.2 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 7,98,086.90 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 20,050.25 करोड़ रुपये घटकर 5,69,819.04 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 12,805.27 करोड़ रुपये घटकर 5,48,617.81 करोड़ रुपये पर आ गई।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना

फिर भी भारतीय की आर्थिक प्रगति का नैरेटिव पेश किया जाता है, तो उसे दुस्साहस ही कहा जाएगा। अगर इस कथानक को लोग स्वीकार करते हैं, तो उसका यही अर्थ माना जाएगा कि भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना है। वित्त वर्ष 2023-24 में कृषि पर निर्भर श्रमिकों की संख्या 25 करोड़ 90 लाख तक पहुंच गई। इसके पहले वाले वित्त वर्ष में ये 23 करोड़ 30 लाख थी। इस तरह 2017-18 से भारतीय अर्थव्यवस्था की पीछे की ओर शुरू हुई दौड़ ना सिर्फ जारी है, बल्कि उसकी रफ्तार और तेज हो गई है। इसे इसलिए पीछे की ओर दौड़ कहा गया है, क्योंकि हर विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा यह रही है कि लोग रोजगार के लिए कृषि से उद्योग या सेवा क्षेत्र की ओर जाते हैं। विकसित होने का एक पैमाना यह दिशा भी है। आंकड़ों के मुताबिक 2004-05 से 2016-17 तक भारत भी इसी दिशा में बढ़ रहा था। उस दौरान कृषि पर निर्भर श्रमिकों की संख्या में छह करोड़ 60 लाख की गिरावट आई थी। उसके बाद दिशा बदल गई।यहां पर इस ओर ध्यान खींचना उचित होगा कि 2016 वह साल था, जब नोटबंदी लागू की गई। साल भर बाद उसके प्रभाव जाहिर होने लगे। उस वर्ष (2017-18) भारत में कृषि निर्भर मजदूरों की संख्या 19 करोड़ दस लाख थी। तब से ये तादाद लगातार बढ़ी है। अब तक इसमें कुल छह करोड़ 80 लाख की वृद्धि हो चुकी है। इस तरह यह साफ है कि 2004-05 से 2016-17 के बीच जो प्रगति हुई, वह पलट कर अब नकारात्मक हो चुकी है। यह भी रेखांकित करने का पहलू है कि इस दरम्यान जिन राज्यों में यह बढ़ोतरी सबसे ज्यादा हुई, वे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान हैं, जिन्हें कभी अपमान भाव के साथ बीमारू कहा जाता था। दूसरा ध्यान खींचने वाला पहलू यह है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर श्रमिकों के बीच महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। भारतीय वर्क फोर्स में महिलाओं की स्थिति पहले भी बेहतर नहीं थी। मगर गुजरे सात वर्षों में यह बदतर होती गई है। इसके बावजूद भारतीय की आर्थिक प्रगति का नैरेटिव पेश किया जाता है, तो तथ्यों की रोशनी में उसे दुस्साहस ही कहा जाएगा। अगर इस कथानक को लोग स्वीकार करते हैं, तो उसका यही अर्थ होगा कि भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना है।



प्रयागराज में कुंभ मेला उत्सव से पहले एक नागा साधु धार्मिक जुलूस (पेशवाई) में भाग लेते हुए।

# अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे

शकील अख्तर

कांग्रेस और सभी विपक्षी दल इस मुद्दे को छोड़ेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन वापस एकजुट होने लगेगा। मगर अमित शाह ने अंबेडकर का मुद्दा ऐसा दिया कि अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे हैं। बुधवार को संसद में अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन में सब शामिल हुए। राहुल के जाति गणना मुद्दे को भी इससे बल मिलेगा। जाति गणना का सबसे बड़ा फायदा ओबीसी को मिलने वाला है। दलित की आदिवासी की संख्या तो सबको मालूम है।

'वन नेशन वन इलेक्शन' का हेडलाइन मेनेजमेंट एक दिन भी नहीं चल सका। भाजपा राहुल की पिच पर फंस गई। मंगलवार की सुबह सारे चुनाव एक साथ का बिल लोकसभा में पेश हुआ और उसी दिन शाम को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में यह कहकर कि एक नया फैशन चला है अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर . . ! अगर इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। राहुल गांधी ने लपक कर इस बात को सही साबित कर दिया कि भाजपा के मन में डा. आंबेडकर और संविधान के लिए कोई सम्मान नहीं है।

अमित शाह की टिप्पणी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने, जिन्होंने एक दिन पहले संविधान पर बोलते हुए ही कहा था कि आरएसएस और भाजपा तिरंगे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करती है एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कहा कि आंबेडकर से भी नफरत करती है।

बुधवार को विपक्ष के सांसदों ने संसद परिसर में अमित शाह माफी मांगों के नारों के साथ प्रदर्शन किया। और उसके बाद अंदर जाकर दोनों सदनों में इस मांग को जोरदार तरीके से उठाया। मोदी सरकार के लिए यह बड़ी मुश्किल आ गई। अभी संविधान पर चर्चा के दौरान उनका सारा फोकस इस बात पर था कि कांग्रेस ने अंबेडकर को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया। मगर अब उसके उपर ही बाबा साहब अंबेडकर के अपमान का सीधा आरोप आ गया है।

अंबेडकर देश के 20 प्रतिशत दलितों के लिए वाकई भगवान का दर्जा रखते हैं। वह उनका संविधान ही है जिसने आरक्षण के जरिए उनके बड़े वर्ग को पीढ़ीगत काम से निकालकर शहरी मध्यम वर्ग बनाया। शिक्षा में वजीफा, उनके लिए अलग बनाए गए होस्टल, उच्च शिक्षा में आरक्षित



सीटें और फिर नौकरी में आरक्षण ने 75 सालों में वह कर दिखाया जो पहले कोई सोच भी नहीं सकता था। इसके साथ लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव में आरक्षण ने उन्हें राजनीतिक रुप से मजबूत बनाया। नौकरी के आरक्षण ने आर्थिक ताकत के साथ सामाजिक हैसियत और चुनाव प्रणाली में आरक्षण से सत्ता में भागीदारी दी।

पांच हजार साल तक अछूत बने रहने वाले सारे मानवीय अधिकारों से वंचित देश के इस समुदाय के लिए बाबा साहब आंबेडकर भगवान नहीं तो और क्या हैं? कांग्रेस और समूचे विपक्ष को यह एक बहुत बड़ा मुद्दा मिल गया है। खरगे का सवाल है कि क्या अंबेडकर का नाम लेना गुनाह है? खुद दलित समुदाय से आने वाले खरगे ने कहा कि अमित शाह का राज्यसभा में संविधान पर बोलते हुए सवाल था कि क्या अंबेडकर बहुत बड़े आदमी थे? जो अंबेडकर, अंबेडकर करते हो!

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि उनके इस बयान से देश में आग लग जाएगी। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। और देश से माफी मांगना चाहिए। अंबेडकर दलितों आदिवासियों के भगवान हैं। कांग्रेस महासचिव और खुद दलित समाज से आने वाली कुमारी सैलजा ने कहा कि संविधान हमारा सबसे बड़ी किताब है और बाबा साहब अंबेडकर हमारे भगवान।

दलितों की तरह आदिवासी भी डा. आंबेडकर को अपना उद्धारक मानते हैं। और अन्य पिछड़ा समुदाय ओबीसी जिसकी आबादी 50 प्रतिशत के करीब है भी डा अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांत का बड़ा लाभार्थी समूह है। दलित 20 प्रतिशत, आदिवासी 9 प्रतिशत और लगभग 50 प्रतिशत के आसपास ओबीसी इतना बड़ा समूह देश का अंबेडकर के विचारों और उनके बनाए संविधान से लाभान्वित हुआ है। इसलिए खरगे ने कहा कि उनका अपमान देश में आग लगा देगा।

अंबेडकर कितनी बड़ी चीज हैं वह इससे समझिए कि कांग्रेस और भाजपा दोनों समान भाव से उनका नाम लेते हैं। अभी चार दिन संविधान पर चर्चा में उनका ही नाम गुंजता रहा। मायावती, रामविलास पासवान ने उनका नाम लेकर ही अपनी पार्टियां चलाई। दलितों में उनका नाम ही वोट की गारंटी है। जब ये दोनों नेता इनकी पार्टी नहीं थीं तो कांग्रेस ही उनकी विरासत संभालती थी। और लंबे समय तक दलित वोटों की एक मात्र प्राप्तकर्ता थी।

मगर बाद में कांशीराम और मायावती ने इसे कांग्रेस से छीना और उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री पद प्राप्त किया। और फिर भाजपा की धर्म की राजनीति ने दलित वोट को मायावती से भी छीन लिया। लेकिन सरकारी नौकरियां नहीं निकलने और इससे उन्हें आरक्षण का फायदा नहीं मिलने, तेजी से किए जा रहे नीजिकरण जहां दलितों के लिए नौकरी नहीं थी और डायरेक्ट भर्ती लेटरल एंट्री जिसमें आरक्षण नहीं था के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में यह समुदाय बीजेपी से भी छिटका और कांग्रेस एवं इन्डिया गठबंधन के साथ आया।

यूपी में भाजपा को इसने बहुत बड़ा झटका दिया। लोकसभा में भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिलीं और भाजपा 33 पर रह गई। कांग्रेस को 6 मिलीं। और बसपा जीरो। जबकि पिछले चुनाव 2019 में भाजपा को 61 सीटें मिली थीं।

मायावती से मोहभंग के बाद बीजेपी धर्म के नाम पर दलितों को अपने साथ लाई। और भावनात्मक रूप से उनसे संबंध बनाने के लिए वह डा. अम्बेडकर का नाम भी लेने लगी। दलितों का अंबेडकर से बहुत गहरा लगाव है। उनका जीवन अंबेडकर ने बदला। वे उनके लिए मसीहा हैं। अमित शाह का यह कहना कि क्या अंबेडकर अंबेडकर करते हो भाजपा को बहुत मंहगा पड़ेगा।

कांग्रेस और सभी विपक्षी दल इस मुद्दे को छोड़ेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन वापस एकजुट होने लगेगा। अभी ईवीएम के मुद्दे पर उमर अब्दुल्ला और टीएमसी कांग्रेस पर हमलावर हो रहे थे। लग रहा था कि बीजेपी की कोशिशें सफल हो रही हैं।

# एक देश, एक चुनाव का आइडिया भी ठीक नहीं

अजीत द्विवेदी

देश में हर साल चुनाव हो या हर छह महीने पर चुनाव हो यह सचमुच अच्छी बात नहीं है। लेकिन इसे रोकने के लिए 'एक देश, एक चुनाव' का आइडिया भी ठीक नहीं है। इसका मतलब है कि हर छह महीने पर चुनाव की मौजूदा प्रक्रिया चलती रहे यह भी ठीक नहीं है और सारे चुनाव एक साथ कराए जाएं, यह विचार भी अच्छा नहीं है।

इसलिए बीच का रास्ता निकालना सबसे अच्छी बात होगी। बीच का रास्ता क्या हो सकता है, उस पर विचार से पहले यह स्पष्ट करना जरूरी है कि भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में एक बार में सारे चुनाव कराने का विचार लोकतंत्र की बुनियादी भावना और संघवाद की धारणा को कुछ न कुछ जरूर प्रभावित करेगा।

भले यह लोकतंत्र या संघवाद के पूरे तरह खिलाफ नहीं हो लेकिन इन दोनों सिद्धांतों पर इसका निश्चित असर होगा।

अगर सारे चुनाव एक साथ होते हैं तो संचार तकनीक के मौजूदा दौर में प्रदेशों के और विधानसभा स्तर के स्थानीय मुद्दे गौण हो जाएंगे। उसकी बजाय राष्ट्रीय मुद्दे अहम हो जाएंगे।

अभी ही नरेंद्र मोदी से लेकर अरविंद केजरीवाल तक अनेक नेता ऐसे हैं, जो कहते हैं कि हर सीट पर वे ही चुनाव लड़ रहे हैं। यानी मतदाताओं को उम्मीदवार नहीं देखना चाहिए और नेता का चेहरा देख कर वोट करना चाहिए।

'एक देश, एक चुनाव' की स्थिति में यह विचार प्रमुखता पा जाएगा। उससे स्थानीय मुद्दों के साथ साथ स्थानीय नेताओं का महत्व भी कम होगा और छोटे छोटे काम कराने में भी आम लोगों को परेशानी होगी।

इसके अलावा कई और व्यावहारिक समस्याएं आएंगी। जैसे समय से पहले लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा भंग होने पर वहां बची हुई अवधि के लिए चुनाव कराना होगा। इससे बार बार चुनाव की संभावना तो बनी ही रहेगी और साथ ही चुनाव खर्च में कटौती का तर्क भी ध्वस्त हो जाएगा।

एक साथ चुनाव कराने से पहले लोकसभा के कार्यकाल के साथ राज्यों की विधानसभाओं की एकरूपता बनाना भी एक बड़ी तकनीकी कवायद होगी।

तभी 'एक देश, एक चुनाव' के भारी भरकम कवायद में पड़ने की बजाय मौजूदा प्रक्रिया में सुधार करके इसे बेहतर बनाया जा सकता है।


हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 साल से ज्यादा समय से 'एक देश, एक चुनाव' की बात कर रहे हैं लेकिन हर साल या हर छह महीने पर होने वाले चुनाव की प्रक्रिया को बदलने के लिए उन्होंने कोई ठोस पहल नहीं की।

अगर सरकार और चुनाव आयोग चाहते तो अब तक देश में चुनाव की प्रक्रिया पटरी आ चुकी होती। हर छह महीने में चुनाव कराने की जरुरत ही नहीं रह जाती।

इसके लिए बहुत छोटे छोटे बदलाव करने थे। दूसरी अहम बात यह है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बजाय दो चरण में चुनाव कराने का विचार ज्यादा व्यावहारिक है।

लोकसभा के साथ आधे राज्यों के चुनाव कराए जा सकते हैं और बाकी आधे राज्यों के चुनाव दो या ढाई साल के अंतराल पर कराए जा सकते हैं।

पांच साल में दो बार चुनाव का विचार इसलिए व्यावहारिक है कि दो बार चुनाव कराने में ज्यादा बोझ नहीं पड़ेगा और दूसरे अगर पहले चरण के किसी चुनाव वाले राज्य में या केंद्र में सरकार गिरती है और विधानसभा या लोकसभा भंग होती है तो अगले चुनावी चक्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। अमेरिका में दो बार में चुनाव होते हैं। राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के ठीक बीच में यानी उसके चुनाव के दो साल बाद मध्यावधि चुनाव होते हैं और उस समय संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के 435 सदस्य और सीनेट के 33 या 34 सदस्यों का चुनाव होता है।साथ ही देश के 50 राज्यों में से 34 राज्यों के गवर्नर का चुनाव मध्यावधि चुनाव के समय होता है। भारत में भी इस तरह की व्यवस्था बनाई जा सकती है।लोकसभा के चुनाव के साथ कुछ राज्यों के चुनाव हो जाएं और उसके ठीक ढाई साल बाद मध्यावधि चुनाव हों, जिनमें बाकी रायों के चुनाव कराए जाएं। अगर सरकार इस विचार के प्रति सचमुच गंभीर होती तो पहले ही यह प्रयास शुरू हो गया होता और अब तक सब कुछ पटरी पर आ गया होता।मिसाल के तौर पर इस साल लोकसभा के साथ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के चुनाव हुए।इससे एक साल आगे पीछे में 14 राज्यों के चुनाव हुए हैं या होंगे। पिछले साल यानी 2023 में नौ राज्यों के चुनाव हुए थे। फरवरी 2023 में त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड से इसकी शुरुआत हुई थी। मई में कर्नाटक का चुनाव हुआ था और नवंबर में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हुए। लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव हुए और अगले साल फरवरी में दिल्ली का चुनाव होगा।



## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा।आज लेखकों की किताब पब्लिश होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, आज आपको अपने खर्चों पर रोक लगाने की अवश्यकता।नवविवाहित दंपति को आज जीवनसाथी से गिफ्ट मिलेगा। आज आप खुद को फिट महसूस करेंगे।आज राजनीति से जुड़े लोगों को अचानक धन की प्राप्ति होगी।विद्यार्थी आज किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

वृष राशि- आज का दिन शानदार रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारी अपने कारोबार को आगे बढाने का विचार कर सकते हैं। शिक्षकों का ट्रान्सफर उनकी मनपसंद जगह पर हो जायेगा।जॉब के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तलाश जारी रखने की जरुरत है, जल्द ही जॉब मिलेगी।स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। आज अधूरे कार्यों को पूरा करने का अच्छा समय है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।काफी दिनों से किसी मनचाही चीज को लेने का सपना आज पूरा होगा। ड्राई फ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा।विद्यार्थियों को आज अपने पुराने चैप्टर का अध्यन करते रहने की जरुरत है।ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण टारगेट को आज पूरा कर लेंगे।आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा। परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते है।काफी समय से एक ही जगह कार्यरत लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। आज आपके पिता अपना जरुरी कार्य आपको करने को दे सकते हैं। स्वास्थ में हो रही परेशानियां आज खत्म हो जाएँगी, खुद को फिट महसूस करेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन रोज की अपेक्षा अच्छा रहने वाला है।आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। आज अपने करीबी दोस्त की वजह से आपको जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और गहरी होगी।आज कार्यक्षेत्र में बाहरी की सलाह से अच्छा है, आप घरवालों की बात को समझे। आपके दांपत्य रिश्ते में आपसी तालमेल बना रहेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों की इनकम में बढ़ोत्तरी होगी। आज घर के बड़ों को समय से दवाइयां देने की जरुरत है। लवमेट के रिश्ते में हो रही गलत फेहमियाँ आज समाप्त होंगी, आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा।बच्चे आज किसी जरुरी बात को अपनी माँ से शेयर करेंगे।आज कंप्यूटर सीखने की इजाजत अपने परिवारजनों से ले सकते हैं।

तुला राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है।कॉस्मेटिक कारोबारी आज ऑनलाइन अपने प्रोडक्ट की अच्छी सेल कर पाएंगे। ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको नया टारगेट दे सकते हैं।जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है।विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जायेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन अच्छा रहने वाला है।अपने ईगो को छोंड़कर बड़ों की बात को सुने।महिलाएं आज जीवनसाथी के मनपसंद का डिश बनाएंगी। घर में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ध्यान देने की अवश्यकता है।वाहन लेने का विचार-विमर्श परिवार वालों के साथ कर सकते हैं।दामपत्य रिश्ते में आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर में खुशी का माहौल बना रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा।आज आप अपने दोस्त की मदद से रुके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति की वजह से आपका मूड ख़राब हो सकता है, लेकिन थोड़ी देर बाद ठीक भी हो जायेगा। आज आपकी मुलाकात कुछ नए लोगों से होगी।स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाने का विचार करेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।ऑफिस में कई दिनों से रुका कार्य आज समय से पूरा कर लेंगे। डिप्लोमा छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।घर में किसी खास रिश्तेदार के आगमन से खुशी का माहौल बनेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा।शिक्षकों का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर होने की सम्भावना है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है।आज अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको काफी हद तक आराम मिलेगा।कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी।किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है।

मीन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।पिछले दिनों सेहत से परेशान लोग आज खुद को फिट महसूस करेंगे, स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।आज क्रेडिट कार्ड से फिजूल खर्चे से बचेंगे तो आप परेशानियों से बच जायेंगे।आज वकील किसी क्लाइंट के केस को जीतने में सफल रहेंगे, जिससे उन्हें अच्छा लाभ होगा।आज आपको अपने बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगा।ऑफिस में अपने सीनियर्स से कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

# बहनें लाड़ली हैं तो भाई लाडले क्यों नहीं ?

- राकेश अचल

*मध्यप्रदेश में शुरू हुई लाड़ली बहना योजना और उससे मिलती जुलती महतारी योजनाओं ने भाजपा और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को सत्ता तक पहुंचा दिया ,लेकिन दुर्भाग्य देखिये कि किसी भी चुनाव में बहनों की तरह भाइयों को किसी भी राजनीतिक दल ने लाडला नहीं माना। लाड़ली या लाडला का मतलब होता है प्रिय । बुंदेली में इसे हिजगरा कहते हैं। मध्यप्रदेश में मप्र लोकसेवा आयोग के खिलाफ आंदोलन कर रहे युवकों ने कहा है की उन्हें भी बहनों की तरह सरकार लाडला माने और भत्ता नहीं रोजगार दे। संसद के मकर द्वार पर धक्का-मुक्की की सुर्खियों में मप्र के युवाओं का आंदोलन कहीं दबकर रह गया । आपको बता दें कि इंदौर में मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के खिलाफ छात्रों का धरना प्रदर्शन चार दिन से जारी है। छात्र अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आयोग के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। चौथे दिन प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने 'मातम' मनाया और कहा कि आज लाड़ली बहना अपनी किस्मत पर रो रही हैं। हम भी लाड़ली बहना हैं लेकिन हमें महीने के 1250 रुपए नहीं, बल्कि एक अच्छी नौकरी चाहिए।*

कड़ाके की सर्दी में आंदोलनरत छात्र-छात्राओं की मुख्य माँगें 87/13 फॉर्मूला लागू कर सभी परिणाम सौ प्रतिशत जारी करने । 2019 की मुख्य परीक्षा की कॉपियां दिखने और मार्कशीट जारी करने की है छात्र 2023 राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का परिणाम तुरंत जारी करने और एमपीपीएससी 2025 के लिए राज्य सेवा में 700 और वन सेवा में 100 पदों के साथ नोटिफिकेशन जारी करने की भी मांग कर रहे है। मप्र के छात्र भर्ती प्रक्रिया में सुधार, छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की तरह मुख्य परीक्षा की कॉपियां जांचने की मांग भी कर रहे हैं कर रहे हैं।प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इंदौर में रहते हुए इन छात्र-छात्रों से मिलने से इंकार कर दिया। आपको बता दें की मप्र सरकार ने लाड़ली बहना योजना के लिए इसी साल के पूरक बजट में 450 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।





लाड़ली बहन योजना के चलते मप्र में भाजपा सरकार 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीती। इसी योजना को लागू कर महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 2024 में विधानसभा का चुनाव प्रचंड बहुमत से जीता और इसी योजना की नकल ने झारखण्ड में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को विधानसभा का चुनाव जितवा दिया। झारखण्ड में इस योजना का नाम महतारी योजना है। यानि सरकारें इस तरह की योजनाओं से महिलाओं को वोट बैंक में तब्दील कर चुनाव तो जीत रहीं है लेकिन इन्हीं बहनों के पतियों और बच्चों को रोजगार के लिए कोई सरकार तैयार नहीं है। नौकरी के लिए परीक्षाएं देकर नतीजों का इन्तजार लाड़ली बहनों के पतियों और बच्चों को आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है।

मप्र में लाड़ली बहनों को 1250 रूपये ,महाराष्ट्र में 2100 रूपये और झारखण्ड में 3000 रूपये प्रति माह दिए जा रहे हैं। इस तरह की योजना दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी इसी तरह की योजना बनाई है। ये योजना फ्रीबिज के तहत आती है। लाड़ली बहना योजना के जनक मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं। उन्होंने ने ही लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई थी। मप्र की इस योजना भाजपा के लिए संजीवनी साबित हुई। भविष्य में भी अधिकांश राजनीतिक दल इसी तरह की योजनाओं पर जोर दे रहे हैं। युवाओं को रोजगार की योजनायें बनाने और उनके ऊपर अमल करने के बजाय मुफ्त में पैसा बांटना ज्यादा आसान होता है। अब देखते हैं कि आने वाले दिनों में लाडले भाइयों को लाड़ली बहनों की तरह आर्थिक सुरक्षा मिलती है या नहीं।

# पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर, कुवैत ने की ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने की पहल



कुवैत सिटी,(ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खाड़ी देश कुवैत की दो दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा के दौरान रविवार को बयान पैलेस में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। यह सम्मान उन्हें कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के निमंत्रण पर उनकी यात्रा के दौरान दिया गया।जानकारी के लिए बता दें कि पीएम मोदी बीते 43 वर्षों में कुवैत का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। इससे पहले, 1981 में इंदिरा गांधी ने कुवैत की यात्रा की थी। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत के अमीर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और ऊर्जा सहयोग जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और गहरा करने पर चर्चा हुई। यात्रा के दौरान कुछ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जो भारत-कुवैत संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। कुवैत भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। यह कच्चे तेल का छठा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। कुवैत भारत की ऊर्जा जरूरतों का लगभग 3फीसदी हिस्सा पूरा करता है।

कुवैत में एक जीवंत भारतीय प्रवासी समुदाय है, जो दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक पुल का काम करता है। प्रधानमंत्री ने इस पर जोर देते हुए कहा कि भारत और कुवैत के संबंध इतिहास, संस्कृति, और आपसी सम्मान पर आधारित हैं। इस दौरे के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा, कि भारत और कुवैत के बीच बहुआयामी संबंध इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान पर आधारित हैं। हमारे मजबूत संबंध ऊर्जा, व्यापार और निवेश तक फैले हुए हैं। हमारे पास जीवंत भारतीय प्रवासी भी हैं जो दोस्ती को और मजबूत कर रहे हैं।पीएम मोदी की इस यात्रा से भारत और कुवैत के बीच कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों में नए आयाम जुड़ने की उम्मीद है। यह यात्रा न केवल ऊर्जा और व्यापार में सहयोग बढ़ाने का अवसर है, बल्कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को भी और गहरा करेगी।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के अगरतला में सहकारी सम्मेलन को संबोधित किया.

## रोजगार मेले में प्रधानमंत्री मोदी 71,000 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भर्ती अभियान 'रोजगार मेला में 71,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी युवाओं को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी देश भर में एक साथ 45 जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुबह 10-30 बजे कार्यक्रम से जुड़ेंगे। यह नियुक्तियां गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में की गई हैं।पीएमओ के अनुसार, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में ये एक और कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।इससे पहले 29 अक्टूबर को, पीएम मोदी ने रोजगार मेले को संबोधित किया था और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए थे। उस दौरान पीएम मोदी ने जॉब लेटर पाने वाले युवाओं से कहा कि आप जनता के सेवक हैं शासक नहीं इसलिए आप गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए। अगले 25 सालों में आप ही विकसित भारत बनाएंगे। लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला रोजगार मेला (29 अक्टूबर) था।रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। इसके तहत अब तक 13 मेलों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें साढ़े आठ लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।

## राजस्थान में मृत सारस में बर्ड फ्लू वायरस मिला, पक्षियों की अन्य प्रजातियों पर भी संकट

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के फलोदी जिले में बर्ड फ्लू फैल चुका है। जिले के खीचन गांव में मृत पाई गई कुरजां में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है।विसरा के सैंपल 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनीमल डिजीज लैब में भेजे गए थे। 21 दिसंबर को जांच रिपोर्ट में वायरस की पुष्टि हुई है। वायरस की पुष्टि ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के भीतर चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि यह वायरस अन्य पक्षी प्रजातियों के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। अब तक खीचन क्षेत्र में संक्रमण के कारण सात सारसों की मौत हो चुकी है।कलेक्टर एचएल अटल ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन, वन, पुलिस, उद्योग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त बैठक बुलाई गई, जिसमें अधिकारियों से निवारक उपाय लागू करने, जनता की सुरक्षा करने और बीमारी के प्रसार की निगरानी के लिए सर्वेक्षण करने का आग्रह किया गया।पशुपालन विभाग ने त्वरित प्रतिक्रिया टीम (रैपिड रिस्पांस टीम) का गठन किया है और वन विभाग ने निगरानी एवं सर्वेक्षण दल तैनात किए हैं। उन क्षेत्रों में सतर्क निगरानी की जा रही है, जहां सारस आराम करते हैं और घूमते हैं।

## पहली बीवी को 500 करोड़ मिले, मुझे भी इतने ही चाहिए; दूसरी पत्नी की मांग पर सुप्रीमकोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में जन्मे और अमेरिका में एक सफल आईटी कंसल्टेंसी सेवा चलाने वाले एक व्यक्ति को शादी और तलाक की भारी कीमत चुकानी पड़ी। नवंबर 2020 में अपनी पहली पत्नी को 500 करोड़ रुपये के गुजारा भत्ते के रूप में देने के बाद, अब सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दूसरी पत्नी को 12 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। उनकी दूसरी शादी केवल कुछ ही महीनों तक चली थी।इस व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपनी पूरी तरह से टूट चुकी शादी को रद्द करने की मांग की थी। उनकी दूसरी शादी 31 जुलाई 2021 को हुई थी और कुछ ही महीनों बाद टूट गई। दूसरी पत्नी ने स्थायी गुजारा भत्ते की मांग करते हुए कहा कि उसे भी पहले पत्नी के बराबर भुगतान मिलना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और पंकज मिथल की पीठ ने दूसरी पत्नी की मांग को खारिज करते हुए



कहा कि पहली पत्नी के साथ कई वर्षों तक वैवाहिक जीवन बिताने की तुलना में दूसरी पत्नी का मामला अलग है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपने 73 पेज के निर्णय में लिखा, हमें उस प्रवृत्ति पर गंभीर आपत्ति है, जहां पक्षकार अपने जीवनसाथी की संपत्ति, स्थिति और आय को आधार बनाकर समान धनराशि की मांग करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर जीवनसाथी की संपत्ति अलग होने के बाद कम हो जाए, तो ऐसी मांगें क्यों नहीं की जातीं?

अदालत ने कहा कि गुजारा भत्ता का उद्देश्य अलग हो चुकी पत्नी को गरीबी से बचाना, उसकी गरिमा बनाए रखना और सामाजिक न्याय प्रदान करना है। पीठ ने कहा, कानून के अनुसार, पत्नी को यथासंभव वैसी ही जीवनशैली में रहने का अधिकार है जैसी वह अपने वैवाहिक घर में रहती थी जब दोनों साथ रहते थे। लेकिन एक बार जब पति-पत्नी अलग हो जाते हैं, तो पति से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह जीवन भर अपनी वर्तमान स्थिति के अनुसार पत्नी का खर्च उठाता रहे।अदालत ने यह भी कहा कि अगर पति अलग होने के बाद जीवन में बेहतर कर रहा है, तो उससे यह कहना कि वह हमेशा पत्नी की स्थिति को अपनी बदलती स्थिति के अनुसार बनाए रखे, उसकी व्यक्तिगत प्रगति पर बोझ डालना होगा। अदालत ने सवाल उठाया, अगर पति अलग होने के बाद दुर्भाग्यवश गरीब हो जाए, तो क्या पत्नी अपनी संपत्ति को बराबरी पर लाने की मांग करेगी?

## यूपी में बहराइच प्रशासन की तत्परता से बची जान, जंगल में फंसे थे सौ से ज्यादा स्कूली बच्चे

बहराइच (आरएनएस)। यूपी के बहराइच के कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गोंडा जिले से सौ से ज्यादा स्कूली बच्चे और उनके स्टाफ घने जंगलों में फंस गए। हालांकि, प्रशासन की तत्परता और त्वरित कार्रवाई के कारण सभी बच्चों की जान बच गई।जानकारी के अनुसार, न्यू स्टैंडर्ड प्रशिक्षण संस्थान के कक्षा 1 से 8 तक के सौ से ज्यादा स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल स्टाफ बहराइच के कतर्नियाघाट के जंगलों में एक टूर पर गया था। बच्चों को भ्रमण करवाने के बाद नेपाल जाने की योजना था। लेकिन, देर शाम होने के कारण नेपाल के अधिकारियों की ओर से स्कूली वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने के बाद स्कूल के स्टाफ ने तीनों बस में सवार बच्चों को लेकर वापस जंगल में लौटने का फैसला लिया और बिछिया स्टेशन के पास सुनसान जंगल के बीच रुक गए।



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रंगपुरी हिल क्षेत्र का दौरा किया, निवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर चर्चा की.

## लूटेरी दुल्हन सीमा अग्रवाल गिरफ्तार, संगीन ठगी का खुलासा



जयपुर (आरएनएस)। झोटवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूटेरी दुल्हन के नाम से मशहूर सीमा अग्रवाल उर्फ निक्की को देहरादून से गिरफ्तार किया है। डीसीपी जयपुर पश्चिम अमित कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार झोटवाड़ा निवासी एक ज्वैलर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्होंने मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए सीमा से संपर्क किया और फरवरी 2023 में शादी की। शादी के कुछ ही महीनों में सीमा ने परिवार का विश्वास जीतकर 25-30 लाख रुपये के गहने और नकदी चोरी कर फरार हो गई।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि सीमा पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुकी है।

आगरा (2013): एक व्यापारी के बेटे से शादी कर प्रताड़ना का केस दर्ज कर 75 लाख रुपये ऐंठे।

गुरुग्राम (2017): सॉफ्टवेयर इंजीनियर से शादी कर झूठे केस के जरिए 10 लाख रुपये वसूले।

झोटवाड़ा (2023): शादी कर परिवार का विश्वास जीतने के बाद लाखों के गहने और नकदी लेकर फरार।

पुलिस की कार्रवाई

थानाधिकारी सुनील कुमार जांगिड़ और उप-निरीक्षक वसुंधरा के नेतृत्व में गठित टीम ने देहरादून जाकर सीमा अग्रवाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि सीमा विधुर और तलाकशुदा अमीर पुरुषों को निशाना बनाती थी।

शादी के बाद वह उनका विश्वास जीतकर लाखों का सामान लेकर गायब हो जाती। पूछताछ में सीमा ने अन्य घटनाओं में भी शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति के साथ इस तरह की घटना हुई हो, तो वह तुरंत पुलिस से संपर्क।

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में हाईवे पर दरकी पहाड़ी, बीच सड़क पर फंसे लोग

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला तवाघाट नेशनल हाइवे पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब अचानक एक पहाड़ी दरक गई। जिसके बाद नेशनल हाईवे के बंद होने के कारण लोग सड़क पर ही फंस गए।झसड़क बंद रहने से यात्रियों को भी दिक्कत हो रही है। पहाड़ी दरकने से नेशनल हाइवे पूरी तरह बंद हो गया। रोंगती नाले के समीप पहाड़ी बिना बारिश के ही भरभराकर गिर गई। गनीमत रही तब कोई वहां मार्ग से नहीं गुजर रहा था। सड़क बंद हो जाने से दोनों ओर कई वाहन फंस गए हैं। इधर डीएम विनोद गोस्वामी ने कहा है कि मार्ग को खोलने का काम किया जा रहा है। बताया कि बंद हाईवे को खोलने के लिए जेसीबी सहित अन्य मशीनें लगाई हैं। वीडियो में आप देख सकते है कि कैसे भारी मात्रा में पहाड़ी से मलबा गिरा। जिस कारण अब सड़क खोलने में काफी समय लग सकता है। बीआरओ के अधिकारी मौके पर सड़क खोलने में जुटे हुए हैं। जानकारी के बाद एसडीएम मंजीत सिंह भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र सड़क यातायात के लिए खोलने के आदेश दिए।



## वाराणसी में बदमाशों ने पिता-पुत्र पर की फायरिंग, आभूषण से भरा बैग लूट कर फरार

वाराणसी(आरएनएस)। वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के कमच्छा के पास रविवार को तड़के सुबह बदमाशों ने ताड़तोड़ गोलियां चलाई, जिसमें स्कूटी सवार पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बदमाश ज्वेलरी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।गोली लगने से घायल पिता और पुत्र को वाराणसी के ट्रामा सेंटर में एडमिट कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने पूरे बनारस में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। घायल पिता-पुत्र बनारस के सर्राफ कारोबारी हैं। घायल दीपक सोनी को पीठ के नीचे गोली लगी है और उनके पुत्र को बाएं पैर में गोली लगी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## पुलिस थाना मुहाना की कार्रवाई : 6 घंटे में अपहृत कर्मचारी को छुड़ाया, 3 आरोपी गिरफ्तार, दस लाख की फिरौती मांगी थी

जयपुर (आरएनएस)। रात का समय था, और पुलिस थाना मुहाना की टीम ने एक अपहरण मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत कर्मचारी को महज 6 घंटे के भीतर छुड़ाया और तीन आरोपी गिरफ्तार किए। यह दिलचस्प कहानी है एचडी बार एंड रेस्टोरेंट से एक कर्मचारी, मनीष चौधरी के अपहरण की, जिसमें आरोपियों ने फिरौती के रूप में 10 लाख रुपये की मांग की थी। पुलिस की साहसिक और तत्पर कार्रवाई ने न केवल अपहृत व्यक्ति को बचाया, बल्कि अपराधियों के नापाक मंसूबों को भी नाकाम कर दिया।घटना का प्रारंभ : 19 दिसंबर 2024 की रात को, सुमेर नगर स्थित एचडी बार एंड रेस्टोरेंट से अज्ञात अपराधियों ने मनीष चौधरी का अपहरण कर लिया। मनीष उस रेस्टोरेंट में काम करता था। अपहरणकर्ताओं ने रेस्टोरेंट के मालिक हंसराज जाट को व्हाट्सएप पर कॉल करके मनीष को छोड़ने के बदले 10 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। साथ ही, उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद, पुलिस ने मामले में त्वरित रूप से एफआईआर दर्ज कर अपराधियों की तलाश शुरू की।

## अयोध्या में पहले चरण में 40 एकड़ में पंचवटी द्वीप बनाया जा रहा, 70 करोड़ रुपये आ रही लगात : प्रोजेक्ट मैनेजर यादवेंद्र

अयोध्या (आरएनएस)। सरयू के बीच स्थित 75 एकड़ में विकसित किया जा रहा पंचवटी द्वीप एक अद्वितीय डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल के रूप में उभरेगा। 100 करोड़ के निवेश से 75 एकड़ में विकसित की जा रही भव्य पंचवटी द्वीप परियोजना जल्द ही सरयू नदी के बीच स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन जाएगी। प्रोजेक्ट मैनेजर यादवेंद्र ने बताया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण ने हमें 75 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है। जिसमें हम पर्यटकों को रहने के लिए जरूरी सुविधा देंगे। इसके अलावा उनके बच्चों के लिए खेलने के लिए किड्स पार्क देंगे। एडवेंचर पार्क की सुविधा भी देंगे।

इस द्वीप में श्रीराम अनुभव केंद्र, राम गमन पथ, 40 फीट ऊंचा विशाल शिवलिंग, भगवान श्रीराम की 35 फीट ऊंची प्रतिमा, योगा ध्यान केंद्र, किड्स पार्क, फूड प्लाजा, एडवेंचर पार्क और टेंट सिटी के भीतर आधुनिक सुविधाओं से लैस 25 कॉटेज बनाए जाएंगे। इसके अलावा, पर्यटक यहां अपने पूर्वजों के नाम पर वृक्षारोपण भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के पीछे का एक मकसद यह भी है कि यहां पर स्थानीय नाविकों को हमने रोजगार देने के बारे में सोचा है।

उन्होंने आगे बताया कि 75 एकड़ में से पहले चरण में 40 एकड़ में पंचवटी द्वीप बनाया जा रहा है। पंचवटी द्वीप का निर्माण अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सरयू नदी के जमथरा माझा क्षेत्र में किया जा रहा है। इसकी लागत 60 से 70 करोड़ रुपये आ रही है। जब हम इसके 75 एकड़ में डवलेप करेंगे तो अनुमानित लागत 100 करोड़ रुपये से ऊपर जाएगी। पहले चरण में 25 कॉटेज बनाए जा रहे हैं। भीड़ बढ़ने पर कॉटेज की संख्या और बढ़ दी जाएगी। हमने यहां पर डेस्टिनेशन वेडिंग की भी प्लान किया है।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के अहिल्या नगर में अन्ना हजारे से मुलाकात की.।

# गुम है किसी के प्यार में को अंकिता खरे ने कहा अलविदा! सवी की भाभी बन मचाई थी धूम



अनुपमा से रातोंरात बाहर हुई अलीशा परवीन के बाद अब टीवी के एक और पॉपुलर शो की एक्ट्रेस के फैंस को झटका लगने वाला है। जी हां, भाविका शर्मा और हितेश भारद्वाज स्टारर गुम है किसी के प्यार में हरिणी का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस अंकिता खरे अब इस शो में नजर नहीं आएंगी। क्या टीआरपी की रेस में सबसे आगे रहने वाले इस शो में नया मोड़ आने वाला है या फिर कुछ नया देखने को मिलने वाला है। सोशल मीडिया पर कई दिनों से एक्ट्रेस के शो छोड़ने की खबर चल रही थी।

हितेश भारद्वाज और भाविका शर्मा अभिनीत शो गुम है किसी के प्यार में 20 साल के लीप के बाद से ही अपने दर्शकों का मनोरंजन करने में लगा हुआ है। कुछ समय पहले ही इस डेली सोप की कहानी में बड़ा बदलाव देखने को मिला था। अब एक बार फिर से अंकिता खरे के शो छोड़ने के बाद बड़ा बदलाव देखने को मिलने वाला है क्योंकि हरिणी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस अंकिता खरे सवी और रजती की कहानी का अब हिस्सा नहीं होंगी। अंकिता खरे के शो से चले जाने के बाद दर्शक एक्ट्रेस की स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी को जरूर मिस करेंगे। उन्होंने इस शो में भाविका शर्मा उर्फ सवी की भाभी का किरदार निभा कर पहचान बनाई है। यह खबर टीवी एक्ट्रेस अंकिता खरे के फैंस के लिए हैरान करने वाली बात है क्योंकि उनके किरदार और कहानी के लिए उन्हें लोगों के खूब प्यार मिला है। अंकिता शो को अलविदा कहने की तैयारी कर रही हैं।

# तमन्ना भाटिया के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा, ओडेला 2 का नया पोस्टर जारी



तमन्ना भाटिया वर्तमान में ओडेला 2 में अभिनय कर रही हैं, जो 2021 की हिट ओडेला रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी है। अशोक तेजा द्वारा निर्देशित, फिल्म ने पहले ही महत्वपूर्ण रुचि जगा दी है। तमन्ना ने नागा साधु की भूमिका निभाई है, एक ऐसा किरदार जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। इसी बीच तमन्ना के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका खतरनाक लुक जारी कर दिया गया है।

तमन्ना भाटिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, ओडेला 2 के निर्माताओं ने एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें अभिनेत्री को एक खतरनाक नागा साधु अवतार में दिखाया गया है। पोस्टर में उन्हें खोपड़ियों के एक मैदान में साहसपूर्वक चलते हुए दिखाया गया है, जिसके ऊपर उड़ते हुए गिद्ध एक तनावपूर्ण माहौल बना रहे हैं।

यह पोस्टर फिल्म में उनके किरदार की गहन और शक्तिशाली प्रकृति का संकेत देता है। तमन्ना भाटिया ने अपनी भूमिका के लिए कठोर प्रशिक्षण लिया है, जिसमें दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले लुभावने स्टंट को परफेक्ट करने के लिए व्यापक रिहर्सल भी शामिल हैं। ओडेला 2 एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जो तमन्ना द्वारा चित्रित अच्छाई और वशिष्ठ द्वारा चित्रित बुराई के बीच तीव्र टकराव पर केंद्रित है।

फिल्म की कहानी एक गांव के आसपास केंद्रित है, और कैसे इसके सच्चे रक्षक ओडेला मल्लन्ना स्वामी हमेशा अपने गांव को बुरी ताकतों से बचाते हैं। फिल्म के लिए संगीत अजनीश लोकनाथ द्वारा तैयार किया गया है, जो कंतारा में अपने काम के लिए मशहूर हैं। छायांकन प्रतिभाशाली साउंडराजन एस द्वारा किया जा रहा है। कला निर्देशन राजीव नायर के नेतृत्व में है। ऐसी कुशल और गतिशील तकनीकी टीम के साथ, ओडेला 2 एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

# पूनम पांडे ने ग्रीन बिकिनी में मचाया धमाल, फैंस हुए घायल



पूनम पांडे का नाम बोल्ड एक्ट्रेस की लिस्ट में आता है. एक्ट्रेस अक्सर अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर तहलका मचाती नजर आती हैं. उनकी हॉट और बोल्ड तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर देखने को मिल जाती है, जिसे देख फैंस बेकाबू होते नजर आते हैं. इसी बीच अब हाल ही में पूनम ने एक बार फिर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कर ठंड के मौसम में इंटरनेट पर आग लगा दी है. पूनम पांडे अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरों से हमेशा सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर ग्रीन बिकिनी में कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं. खुले बाल, लाइट मेकअप और बेहतरीन पोज के साथ पूनम ने फैंस का दिल जीत लिया है. इन तस्वीरों में पूनम का ग्लैमरस अंदाज देखते ही बन रहा है. फैंस उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए लिखा, हॉटनेस की कोई हद नहीं. वहीं, कुछ फैंस ने उन्हें क्वीन ऑफ बोल्डनेस कहकर संबोधित किया है.जी हां, पूनम पांडे ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ हद से ज्यादा हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखते ही फैंस के होश उड़ चुके हैं. इन तस्वीरों में वह बिकनी पहन बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में बिकनी में पूनम का किलर अवतार देखने को मिल रहा है. पूनम ने इस लुक में कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती नजर आ रही हैं.पूनम पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरों व वीडियोज से फैंस का ध्यान आकर्षित करती रहती हैं. उनकी यह नई पोस्ट भी फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गई है.

## किच्चा सुदीप स्टारर मैक्स की ट्रेलर रिलीज तारीख से उठा पर्दा, फिल्म का नया पोस्टर भी जारी

साउथ अभिनेता किच्चा सुदीप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मैक्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे लगातार इस फिल्म के प्रचार में भी लगे हुए हैं। वहीं, निर्माताओं ने अधिकारी पोस्ट साझा करते हुए फिल्म के ट्रेलर की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। साथ ही उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है।

निर्माता फिल्म के लिए प्री-रिलीज इवेंट की योजना भी बना रहे हैं। मैक्स के निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए बताया कि फिल्म का ट्रेलर 22 दिसंबर को रिलीज होगा। इसके साथ ही उन्होंने ट्रेलर रिलीज के समय का भी खुलासा किया। निर्माताओं ने बताया कि मैक्स का ट्रेलर आज 22 दिसंबर को सुबह 11.08 बजे रिलीज होगा। फिल्म के ट्रेलर में मैक्स की कहानी और किच्चा सुदीप के एक्शन दृश्यों की भी झलकियां दिखाई जाएंगी।

## पुष्पा 2 ने भारत में कमा लिए 1000 करोड़ , ऐसा करने वाली बनी दूसरी फिल्म, बाहुबली 2 का रिकॉर्ड टूटना बाकी



अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा 2 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. बाहुबली 2 के बाद पुष्पा 2 का इंडियन सिनेमा की दूसरी ऐसी फिल्म बन गई है, जिसने घेरलू बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. पुष्पा 2 बीती 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी और फिल्म अपने रिलीज के 16 दिन पूरे कर चुकी है. वहीं, पुष्पा 2 अपने तीसरे वीकेंड से बाहुबली 2 की घरेलू कमाई (1030 करोड़ रुपये) का रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है.सैकनिल्क के अनुसार, बता दें, पुष्पा 2 ने 16वें दिन 13.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. वहीं, पुष्पा 2 ने एक बार फिर हिंदी में 632.50 करोड़ कलेक्शन किया है. पुष्पा 2 ने 16वें दिन तेलुगू में 2.4 करोड़ रु, हिंदी में 11 करोड़ रु, तमिल 0.3 करोड़, कर्नाटक में 0.3 करोड़ और केरल में भी 0.3 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ फिल्म की कमाई की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1004.85 करोड़ रुपये की हो गई है. इधर, वर्ल्डवाइड पुष्पा 1550 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है. पुष्पा 2 वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस प भारत की सबसे ज्यादा कमाई वाली तीसरी फिल्म बन गई है.बता दें, साल 2017 में रिलीज हुई एस.एस. राजामौली और प्रभास की फिल्म बाहुबली 2 अभी भी भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड अपने नाम की हुई है. बाहुबली ने भारत में 1030 करोड़ रुपये का कारोबार किया था और वर्ल्डवाइड 1800 करोड़ रुपये की कमाई की थी. बाहुबली 2 भारत में पहले नंबर पर वर्ल्डवाइड सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी भारतीय फिल्म है. बाहुबली 2 बस आमिर खान की फिल्म दंगल (2000 करोड़ से ज्यादा) पीछे है. वहीं, कयास लगाए जा रहे हैं कि पुष्पा 2 ने इन दोनों फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ भारत की सबसे कमाऊ फिल्म बनने जा रही है.

# बॉक्स ऑफिस पर मुफासा की अच्छी ओपनिंग, पहले दिन खाते में आए इतने करोड़



'मुफासा: द लायन किंग' का रिलीज से पहले काफी बज बन हुआ था. फाइनली ये मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. इस फिल्म को रिलीज के पहले दिन दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और इसी के साथ इसकी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत हुई है. चलिए यहां जानते हैं 'मुफासा: द लायन किंग' ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?'द लायन किंग' की रिलीज के पांच साल बाद अब 'मुफासा: द लायन किंग' दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट इसलिए बनी हुई है क्योंकि इसके हिंदी वर्जन को जहां शाहरुख खान और उनके दोनों बेटों अबराम और आर्यन के अलावा श्रेयस तलपड़े और संजय मिश्रा ने अपनी आवाज दी है. वहीं फिल्म के तेलुगु वर्जन में मुफासा के किरदार को महेश बाबू ने आवाज दी है.बता दें कि डिज्नी की इस एनिमेटिड सीरीज का नाना पाटेकर की वनवास के साथ क्लैश हुआ है वहीं बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 पहले ही धमाल मचा रही है. इन सबके बावजूद 'मुफासा: द लायन किंग' की ओपनिंग अच्छी हुई है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मुफासा: द लायन किंग' ने रिलीज के पहले दिन भारत में 8.80 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसमें पहले दिन फिल्म ने इंग्लिश में 3.5 करोड़, हिंदी में 2.6 करोड़, तेलुगु में 1.7 करोड़ और तमिल भाषा में 1 करोड़ की कमाई की है.मुफासा: द लायन किंग' की कहानी एक अनाथ शेर के बच्चे मुफासा की लाइफ के इर्द-गिर्द घूमती है. इस फिल्म में शाहरुख खान ने मुफासा, आर्यन खान ने मुफासा के बेटे सिंबा और सबसे छोटे बेटे अबराम ने बेबी मुफासा को अपनी आवाज दी है.

## बॉक्स ऑफिस पर नाना पाटेकर की वनवास का हाल बेहाल, लाखों में ही सिमट गया पहले दिन का कारोबार


अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर स्टारर 'वनवास' का रिलीज से पहले काफी बज बना हुआ था. वहीं 20 दिसंबर को इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी. फिल्म की क्रिटिक्स ने काफी सराहना की है लेकिन ये मूवी दर्शकों को इम्प्रेस नहीं कप पाई और इसकी ओपनिंग काफी खराब रही है. चलिए यहां जानते हैं 'वनवास' ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन किया है?'वनवास' को रिलीज के पहले दिन 'मुफासा: द लायन किंग' के साथ क्लैश करना पड़ा है. वहीं अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' अभी भी ज्यादा स्क्रीनों के साथ बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है ऐसे में नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा की 'वनवास' रिलीज के पहले ही दिन दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आई।

## मैंने बेबी जॉन में बॉडी डबल का कम किया इस्तेमाल, खुद किए स्टंट : वरुण धवन

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन रिलीज के लिए तैयार है। एक्टर ने अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए स्टंट सीन को लेकर खुलासा किया है। वरुण धवन ने कहा कि उन्होंने बॉडी डबल का कम इस्तेमाल किया और अधिकतर स्टंट खुद किए हैं।

वरुण ने कहा, इस फिल्म में एक्शन का पैमाना बहुत बड़ा है और मैंने बॉडी डबल की कम से कम मदद ली। मैंने लगभग सभी स्टंट खुद किए हैं। कलीज के साथ काम करना एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने मुझे हर दिन अपनी शारीरिक सीमाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने फिल्म के एक सीन के बारे में बात करते हुए बताया कि सबसे मुश्किल सीन में से एक में उन्हें छह घंटे से अधिक समय तक उल्टा लटका रहना था, जिसने उनकी परीक्षा ली।एक्टर ने आगे कहा, मुझे याद है कि एटली ने एक बार हमें सुरक्षा को प्राथमिकता देने और परफेक्शन की तलाश में जोखिम नहीं लेने के लिए कहा था। यह एक कठिन लेकिन संतोषजनक यात्रा रही। कलीज के डायरेक्शन में बनी बेबी जॉन के निर्माताओं ने इस फिल्म के सीन को कोरियोग्राफ करने के लिए आठ अंतर्राष्ट्रीय एक्शन निर्देशकों की एक टीम को शामिल किया है।

# महिलाएं भूलकर भी न करें ये गलतियां, नहीं तो मां बनने के सुख से रह जाएंगी वंचित



खराब जीवनशैली और लाइफस्टाइल का असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है. इनमें से अधिकतर महिलाएं बांझपन की समस्या से जूझ रही हैं. इसके पीछे सबसे बड़ा कारण खराब खानपान के कारण हार्मोनल इनबैलेंस, थॉयराइड और पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी बीमारियां हैं. पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं का सीधा कनेक्शन खराब खानपान और लाइफस्टाइल के कारण होता है. जिसकी वजह से कम उम्र की महिलाएं भी इनफर्टिलिटी की शिकार होती है. आइए जानते हैं इसके बारे में...पीसीओएस यानी पॉलिटिशियन अंडाशय सिंड्रोम ऐसी ही एक बीमारी जिसकी चपेट में आज दुनियाभर की करीब 116 मिलियन महिलाएं हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीओएस एक ऐसी सामान्य स्थिति है, जो महिलाओं में एक उम्र के बाद दिखाई देने लगती है. जो महिलाओं के अंडाशय को प्रभावित करता है.

### इन बीमारियों के कारण महिला नहीं होता गर्भवती-

1. ओव्यूलेशन संबंधी समस्याएं
2. पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम
3. हार्मोनल असंतुलन
4. तनाव और मोटापा
5. शरीर का कम वजन
6. थायरॉइड की समस्या

पीसीओएस के लक्षण

पीसीओएस के कई समान लक्षण हैं. इनमें से कुछ सबसे पहले चेहरे पर नजर आते हैं. जब महिलाओं में एण्ड्रोजन या पुरुष हार्मोन का स्तर अधिक होता है, तो इसके संकेत चेहरे पर पाए जाते हैं एण्ड्रोजन पीसीओएस से संबंधित मुँहासे का कारण बनते हैं. अगर किसी महिला के चेहरे के ठुड्डी और गर्दन के आस-पास मुंहासे हैं तो ये पीसीओएस के लक्षण हो सकते हैं.

### पीसीओएस का इलाज

अगर किसी महिला को पीसीओएस की समस्या है तो सबसे पहले उसे अपनी जीवनशैली में बदलाव करना चाहिए. अगर वजन बढ़ रहा है तो उसे नियंत्रित करना सबसे जरूरी है. अपने दिनचर्या में एक्सरसाइज और पौष्टिक-संतुलित आहार को शामिल करने से इस समस्या का से बचा जा सकता है.

# सर्दियों में भूलकर भी न बंद करें फ्रिज, वरना हो सकता है भारी नुकसान...ऐसे करें इस्तेमाल



अक्सर आपने देखा होगा ज्यादातर लोग सर्दियों के मौसम में ठंड बढ़ने के कारण फ्रिज को बंद कर देते हैं. लोग सोचते इस मौसम में फ्रिज की क्या जरूरत है. लेकिन सर्दियों के मौसम में फ्रिज को बंद करना नुकसानदायक हो सकता है. क्योंकि फ्रिज को बंद करने से उसके कंप्रेसर और अन्य हिस्से खराब हो सकते हैं साथ ही और कई समस्याएं हो सकती हैं. आइए जानते हैं सर्दियों के मौसम में क्यों नहीं बंद करना चाहिए फ्रिज

### कंप्रेसर खराब हो जाता है

सर्दियों के मौसम में फ्रिज बंद कर देने से कंप्रेसर खराब हो जाता है. साथ ही फ्रिज को बंद कर देने से दुर्गंध आने की समस्या भी हो सकती है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है. और गर्मियों में यह समस्या और बढ़ जाती है, क्योंकि काफी समय से बंद रहने से अचानक कंप्रेसर पर काम का दबाव बढ़ता है. इस लिए सर्दियों के मौसम में फ्रिज नहीं बंद करना चाहिए.

### सर्दियों के मौसम में बंद न करें फ्रिज

सर्दियों के मौसम में आप फ्रिज को पूरी तरह बंद करने के बजाय 1 या 2 नंबर पर चला कर इस्तेमाल कर सकते हैं. जिससे आप फ्रिज खराब भी नही होगा और ऐसा करने से बिजली की बचत भी होगी.

### फ्रिज की सफाई करें

कई फ्रिज में विंटर मोड का विकल्प होता है, जिससे आप तापमान को सबसे कम सेटिंग पर रख सकते हैं. और आप इसमें जरूरत की चीजों को भी रख सकते हैं. और सर्दियों के मौसम में फ्रिज की नियमित सफाई करें. जिससे दुर्गंध न फैले. इसके अलावा सर्दियों के मौसम में फ्रिज के रख रखाव के लिए समय-समय पर तकनीशियन से जांच भी करवाएं.

# अंतिम दौर में गाजा युद्ध विराम समझौता - फिलिस्तीनी सूत्र

गाजा (ए.)। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आंदोलन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जल्द ही गाजा पट्टी में युद्ध विराम समझौता होने की उम्मीद है। इस समझौते की अधिकांश शर्तों पर पहले ही सहमति बन चुकी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि प्रस्तावित समझौते में दोनों पक्षों के बीच दुश्मनी को धीरे-धीरे समाप्त करने और गाजा पट्टी से इजरायली सेना की वापसी की बात कही गई है। अंतिम समझौते में कैदी/बंधक आदान-प्रदान और हमास और इजरायल के बीच युद्ध का स्थायी अंत करना भी शामिल है। अधिकारी ने कहा कि कुछ विवादास्पद बिंदुओं पर अभी भी बातचीत चल रही है, लेकिन अंतिम समझौते तक पहुंचने में इनके कोई बड़ी बाधा बनने की उम्मीद नहीं है। सूत्रों ने बताया कि समझौते को इस साल के अंत से पहले अंतिम रूप दे दिया जाएगा, बशर्ते कि इजरायल कोई नई शर्तें न थोप दे। अधिकारी ने आगे कहा कि गाजा संघर्ष के स्थायी समाधान तक पहुंचने के लिए सभी पक्षों की ओर से राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत है। मिस्र और कतर की मध्यस्थता में चल रही वार्ता, युद्ध को समाप्त करने के लिए मई में अमेरिका द्वारा पेश की गई योजना पर आधारित है। बता दें कि संघर्ष 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुआ था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। इस बीच, हमास ने शनिवार को कहा कि तीन फिलिस्तीनी गुटों के नेता इस बात पर सहमत हो गए हैं कि यदि इजरायल नई शर्तें रखना बंद कर दे तो गाजा पट्टी में युद्ध विराम समझौता पहले से कहीं अधिक नजदीक है। हमास के एक बयान के अनुसार, ये टिप्पणियां शुक्रवार को काहिरा में हमास, फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद और फिलिस्तीन मुक्ति के लिए लोकप्रिय मोर्चे के नेताओं के बीच हुई बैठक के बाद की गईं। बयान में कहा गया कि तीनों गुटों ने युद्ध विराम वार्ता और कैदी/बंधक आदान-प्रदान करने के सौदे में नए घटनाक्रमों की समीक्षा की। साथ ही फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ लड़ाई को समाप्त करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो 14 महीनों से अधिक समय से जारी है। इसमें कहा गया कि प्रतिनिधिमंडलों ने युद्ध के बाद के गाजा के प्रबंधन के लिए एक सामुदायिक सहायता समिति की स्थापना की संभावना पर भी चर्चा की।

# नाइजीरिया के चर्च में भगदड़, 10 लोगों की मौत

अबूजा (ए) । नाइजीरिया की राजधानी अबुजा के मैतामा जिला स्थित स्थानीय चर्च में राहत सामग्री वितरण के दौरान मची भगदड़ में चार बच्चों समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। संघीय राजधानी क्षेत्र में पुलिस के प्रवक्ता जोसेफिन एडेह ने एक बयान में कहा कि क्रिसमस समारोह से पहले भोजन और कपड़ों सहित राहत सामग्री के वितरण के दौरान शनिवार को मैतामा में होली ट्रिनिटी कैथोलिक चर्च में अफरा-तफरी मच गई, जिसमें आठ अन्य लोग घायल हो गए। एडेह ने कहा, घायलों में से चार का इलाज किया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई, जबकि बाकि पीड़ितों को वर्तमान में चिकित्सा देखभाल मिल रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक हजार से अधिक की संख्या में भीड़ को सफलतापूर्वक हटा दिया। नाइजीरिया के कैथोलिक सचिवालय के प्रवक्ता पाद्रे माइक न्सिकक उमोह ने बताया कि इस कार्यक्रम में आस-पास के गांवों और कम आय वाले उपनगरों से 3,000 से अधिक लोग शामिल हुए थे।

# इजरायल ने गाजा पर फिर बरसाए बम, 9 की मौत



गाजा (ए.)। गाजा पट्टी पर इजरायली गोलाबारी में नौ लोग मारे गए हैं। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने शनिवार की सुबह अल-शती शरणार्थी शिविर के पश्चिम में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाया। बसल ने सिन्हुआ को बताया कि हमले में सात लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए, जिन्हें गाजा सिटी के बैपटिस्ट अस्पताल ले जाया गया। बसल के अनुसार, मध्य गाजा में अल-तामिन स्कूल के निकट एक घर पर भी बम बरसाए गए। यहां से बाद में चिकित्साकर्मियों को एक शव और कई घायल मिले। इस बीच, समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दक्षिणी गाजा के राफा में चिकित्सकों ने बताया कि शहर के उत्तर में खिरबेट अल-अदस इलाके में एक इजरायली ड्रोन द्वारा एक फिलिस्तीनी की हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली सेना सुबह से ही राफा के पूर्व में अल-जनीना इलाके में आवासीय इमारतों को उड़ा रही है। हालांकि इजरायली सेना ने इन घटनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की है। शनिवार को ही, उत्तरी गाजा के बेत लाहिया स्थित कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक हुसैन अबू सफिया ने भी अस्पताल के अंदर की स्थिति की गंभीरता के बारे में चेतावनी दी। अबू सफिया ने कहा, शुक्रवार को अस्पताल की तीसरी मंजिल और दरवाजों पर बम गिरे। सौभाग्य से, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, इससे घायलों और बच्चों में दहशत और डर पैदा हो गया। उन्होंने कहा, अब तक, हमें आवश्यक बिजली, पानी और ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं मिली है। अबू सफिया ने कहा कि इजरायली सेना सभी आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति के प्रवेश की अनुमति देने के लिए सहमत नहीं हुई है और चिकित्सा कर्मचारियों को प्रवेश करने से रोका गया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उत्तरी गाजा में घायलों और बीमार लोगों को सेवाएं देना जारी रखने के लिए चिकित्सा आपूर्ति, शल्य चिकित्सा उपकरण और चिकित्सा सहित मानवीय सहायता के तेजी से प्रवेश की सुविधा प्रदान करने की अपील की। बता दें कि इजरायल 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले का बदला लेने के लिए गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 45,227 हो गई है।

# रूस के तातारस्तान में यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने मचाई तबाही, आपातकाल का ऐलान

मॉस्को (ए) । रूस के तातारस्तान गणराज्य ने यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बाद आपातकाल लगा दिया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकारी निकायों और इमरजेंसी रिस्पॉन्स यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया है। प्रेस सर्विस ऑफ तातारस्तान से राष्ट्रपति रुस्तम मिन्निखानोव ने कहा कि तातारस्तान के प्रमुख ने सरकारी एजेंसियों और आपातकालीन स्थितियों के मंत्रालय के लिए एक विशेष आपातकालीन मोड लागू करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। कानून के अनुसार हमलों के परिणामों को तेजी से संभालने के लिए यह स्थिति आवश्यक है। यह आदेश विशेष रूप से प्रतिक्रिया प्रयासों में शामिल लोगों पर लागू होता है और आम आबादी को प्रभावित नहीं करता है शनिवार को तातारस्तान की राजधानी कजान में आठ ड्रोन हमलों की सूचना मिली, जिनमें से छह ने आवासीय भवनों को निशाना बनाया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कोई हताहत नहीं हुआ। तातारस्तान के गवर्नर, राष्ट्रपति रुस्तम मिन्निखानोव ने पुष्टि की कि छह ड्रोन ने आवासीय भवनों पर हमला किया, एक ने औद्योगिक स्थल पर हमला किया और एक अन्य को नदी के ऊपर मार गिराया गया। यूक्रेन ने अपनी सुरक्षा नीति के अनुसार इन हमलों को स्वीकार नहीं किया है। शुक्रवार को रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र के एक कस्बे पर अमेरिका द्वारा आपूर्ति की गई मिसाइलों से किए गए हमले में एक बच्चे सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि मॉस्को ने शनिवार रात तक यूक्रेन में 113 ड्रोन भेजे। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, हमलों के दौरान 57 ड्रोन मार गिराए गए। इसके अलावा 56 ड्रोन खो गए या संभवतः इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम हो गए थे। हमले के बाद, कजान के पास इजेव्स्क हवाई अड्डे पर परिचालन अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

## जर्मनी : क्रिसमस बाजार पर हुए घातक हमले में सात भारतीय घायल



बर्लिन (ए)। जर्मनी के मैगडेबर्ग में एक क्रिसमस बाजार में हुए भयानक हमले में घायल हुए लोगों में सात भारतीय भी शामिल हैं। हमले में एक 9 वर्षीय बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 200 घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि घायल भारतीयों में से तीन को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। भारतीय दूतावास प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारों के संपर्क में है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा करते हुए इसे भयावह और मूर्खतापूर्ण हमला बताया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, कई बहुमूल्य जान चली गईं और कई लोग घायल हो गए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों के साथ हैं। मंत्रालय ने पुष्टि की है कि जर्मनी में भारतीय मिशन घायलों और उनके परिवारों के साथ समन्वय कर रहा है ताकि सहायता और सहयोग सुनिश्चित किया जा सके। शुक्रवार की शाम को 50 वर्षीय सऊदी नागरिक ने मैगडेबर्ग के सिटी हॉल के पास भीड़ भरे क्रिसमस बाजार में एक काले रंग की बीएमडब्ल्यू कार चलाई। जिसकी पहचान तालेब ए. के रूप में हुई है।

# अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमला किया, अपना ही विमान मार गिराया



सना (ए)। अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना गठबंधन ने रविवार तड़के यमन के होदेदाह में हूती ठिकानों पर हवाई हमला किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में होदेइदाह के अल-लुहय्याह क्षेत्र की एक साइट को निशाना बनाया गया, जिसमें आगे कोई विवरण नहीं दिया गया और न ही किसी के हताहत होने की सूचना दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के हवाले से बताया कि गठबंधन ने कथित हमले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार रात को सना में हूतियों के मिसाइल भंडारण फैसिलिटी और एक कमांड-एंड-कंट्रोल यूनिट पर सटीक हवाई हमले किए। बयान में कहा गया है कि कमांड बलों ने लाल सागर के ऊपर कई हूती के वन-वे अटैक ड्रोन और एक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल को भी मार गिराया। हवाई हमले हूतियों द्वारा मध्य इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले की जिम्मेदारी लेने के कुछ घंटों बाद हुए। तेल अवीव में हुए हमले में 20 इजरायली घायल हो गए थे।

इस बीच, अमेरिकी सेना ने बताया कि नौसेना द्वारा यमन में हवाई हमले किए जाने के दौरान लाल सागर के ऊपर फ्रेंडली फायर में एक अमेरिकी एफ/ए-18 लड़ाकू विमान को गलती से मार गिराया गया। घटना के दौरान, दो अमेरिकी नौसेना पायलटों को गोली लगी। हालांकि, उन्हें बचा लिया गया, जबकि एक पायलट को मामूली चोट आई। नवंबर 2023 से हूती विद्रोहियों ने इजरायली शहरों पर रॉकेट और ड्रोन हमले जारी रखे हैं और लाल सागर में इजरायल से जुड़े शिपिंग को निशाना बनाते रहे हैं।

जवाब में, क्षेत्र में तैनात अमेरिकी नेतृत्व वाली नौसेना गठबंधन सशस्त्र समूह को रोकने के प्रयास में जनवरी से ही हूतियों के ठिकानों पर नियमित हवाई हमले कर रही है पिछले सप्ताह, हूती सैन्य अधिकारियों ने घोषणा की कि अमेरिकी और ब्रिटिश विमानों ने लाल सागर तट के साथ पश्चिमी यमन में एक रणनीतिक प्रांत होदेदाह के खिलाफ एक नया आक्रमण किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सहयोगी बलों ने होदेदाह के दक्षिणी भाग में अत-तुहायता जिले को निशाना बनाया, हालांकि हवाई बमबारी के बारे में विशेष विवरण तुरंत प्रकट नहीं किया गया।

## खेल समाचार

# भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को हराकर जीता पहला महिला अंडर-19 एशिया कप



कुआलालंपुर (ए)। भारत की युवा महिला टीम ने एशिया कप जीतकर रचा इतिहास रच दिया है। जी. तृषा के शानदार 52 रन बनाए और स्पिन गेंदबाजों ने सात विकेट चटकाकर भारत को बांग्लादेश पर 41 रनों की जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने पहले अंडर-19 महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला रविवार को बायुमास क्रिकेट ओवल में हुआ।

तृषा 2023 में दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। उन्होंने इस बार 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाए और मुश्किल पिच पर भारत ने 117/7 का स्कोर खड़ा किया।

जवाब में, बांग्लादेश की टीम 18.3 ओवरों में 76 रनों पर सिमट गई। भारतीय स्पिनर आयुषी शुक्ला ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुईं। पारुणिका सिसोदिया और सोनम यादव ने भी अहम विकेट लिए और पावरप्ले के बाद बांग्लादेश की रन गति रोक दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शुरुआत में कुछ विकेट गंवा दिए। इसके बाद तृषा ने कप्तान निकी प्रसाद (12) के साथ 41 रनों की साझेदारी कर पारी संभाली। इनके आउट होने के बाद मिथिला विनोद ने 17 रन की तेज पारी खेली और टीम को 110 रन के पार पहुंचाया। बांग्लादेश की फरजाना इस्मिन ने 4 विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाज़ों को कड़ी टक्कर दी।

छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत खराब रही। जोशिता वीजे और सोनम यादव ने पावरप्ले में दो विकेट झटके। फहमीदा छोया (18) और जुआइरिया फिरदौस (22) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय स्पिनर्स की सटीक गेंदबाजी के आगे वे टिक नहीं पाईं।

बांग्लादेश का स्कोर 64/5 से गिरकर 76 ऑल आउट हो गया। तृषा को प्लेयर ऑफ द फाइनल और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। भारत की यह जीत खास है, क्योंकि टीम अगले महीने मलेशिया में होने वाले अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे संस्करण में अपनी खिताब की रक्षा के लिए तैयार है।

# बुमराह को लेकर कोंस्टास कुछ ज्यादा नहीं सोच रहे



मेलबर्न (ए)। युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास इस समय अपने ऊपर जसप्रीत बुमराह के वीडियो देखकर दबाव नहीं बनाना चाह रहे। 26 दिसंबर से मेलबर्न में होने वाले बॉक्सिंड डे टेस्ट में कोंस्टास का बतौर ओपनर डेब्यू तय दिख रहा है और वह भारतीय पेसर के ख़िलाफ़ तैयार हैं।

तीन हफ़्ते पहले अभ्यास मैच में भारत के ख़िलाफ़ कोंस्टास ने 97 गेंदों में 107 रन की पारी खेली थी। कैनबरा में खेले गए मैच में भारतीय दल के आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा शामिल थे।

लेकिन उस मैच में जो एक खिलाड़ी नहीं था वह थे बुमराह, वह शख़्स जिसने ऑस्ट्रेलिया को सबसे ज़्यादा परेशान कर रखा है। कोंस्टास जिनके लिए ये घरेलू सीज़न बेहतरीन जा रहा है, उनके सामने बुमराह की चुनौती सबसे घातक होने वाली है।

बुमराह के नाम ऑस्ट्रेलियाई सरज़मीं पर अब किसी भी विदेशी गेंदबाज़ द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी औसत हो चुकी है, जिनके नाम ऑस्ट्रेलिया में 50 से ज़्यादा विकेट हैं। बुमराह ने अब तक अपने तीनों ऑस्ट्रेलियाई दौरे को मिलाकर 17.15 की औसत से 53 विकेट झटके हैं।

जिसका मतलब है कि कोंस्टास के सामने अपने पहले ही टेस्ट मैच में सबसे कठिन गेंदबाज़ की चुनौती होगी। वह भी तब जब मेलबर्न की पिच पर तेज़ गेंदबाज़ों को खासी मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन 19 वर्षीय इस खिलाड़ी को इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। कोंस्टास ने कहा, मैं बुमराह के वीडियो बहुत ज़्यादा नहीं देखूंगा। मैंने उन्हें काफ़ी देख लिया है, और मैं उनकी चुनौती स्वीकार करने के लिए उत्साहित हूं। हमारे विश्लेषक हमें गेंदबाज़ों के हिसाब से फ़ीडबैक देते हैं, हो सकता है मैं उसपर ध्यान दूं। कोंस्टास ने कहा कि वह प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए भारत के ख़िलाफ़ शतक बनाकर अपने आत्मविश्वास को काफ़ी बढ़ा चुका है। उन्होंने कहा, मैं आत्मविश्वास से लबरेज़ हूं, अपने कौशल पर मुझे भरोसा है। मैंने काफ़ी मेहनत की है और ये बस एक और मुक़ाबला है। मैं कोशिश करूंगा कि चीज़ों को सिंपल रखूं। बचपन से ही मैंने हमेशा इस पल को एक सपने की तरह देखा है, और आपको वह बैगी ग्रीन मिले ये बेहद कम ही होता है। लिहाज़ा अगर मुझे मौक़ा मिलता है तो ये मेरे लिए गर्व की बात होगी। शुक्रवार को मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बताया था कि कोंस्टास टीम का हिस्सा होंगे। कोंस्टास को ये बात पैट कमिंस और एंड्र्यू मैक्डोनाल्ड ने शनिवार को बताई। कोंस्टास को सबसे पहले बधाई देने वालों में नैथन मैकस्वीनी और न्यू साउथ वेल्स के उनके टीम साथी स्टीव स्मिथ शामिल थे। कोंस्टास ने कहा, ये मेरे लिए उम्मीद से परे था, लेकिन साथ ही एक बड़ा मौक़ा भी। मैंने इसका जश्न परिवार के साथ डिनर करते हुए मनाया, ये एक भावुक क्षण था।

## मेलबर्न में 1 विकेट लेते ही इतिहास रच देंगे जसप्रीत बुमराह

### -अनिल कुंबले-कपिल देव छूट जाएंगे पीछे



नईदिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का ऑस्ट्रेलिया दौरा शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है. वह बैक टू बैक हर मैच में टीम इंडिया के लिए हीरो प्रदर्शन कर रहे हैं. अब मेलबर्न टेस्ट मैच में बुमराह के पास रिकॉर्ड्स तोड़ने का मौका है. सिर्फ एक विकेट लेते ही वह एक बड़ा रिकॉर्ड बना लेंगे. तो आइए आपको उन आंकड़ों के बारे में बताते हैं. जसप्रीत बुमराह इस वक्त ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए खौफ का सबब बने हुए हैं. वह अपनी विकेटचटकाऊ गेंदबाजी से भारत को मुश्किल परिस्थितियों से निकाल लेते हैं. वह मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. अब उनके पास मेलबर्न में एक खास उपलब्धि हासिल करने का बेहतरीन मौका है. मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में बुमराह और महान खिलाड़ी अनिल कुंबले बराबरी पर हैं. दोनों ने इस मैदान पर 15-15 विकेट चटकाए हैं. ऐसे में अब एक विकेट लेते ही बुमराह कुंबले से आगे निकल जाएंगे. इन दोनों के बाद पूर्व कप्तान कपिल देव और पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 14-14 विकेट झटकाए हैं. इसके अलावा जसप्रीत बुमराह के पास भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक और कीर्तिमान स्थापित करने का सुनहरा मौका है. वह कपिल देव के एक रिकॉर्ड को तोड़ने के बेहद करीब हैं. कपिल देव टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं. उन्होंने अपने 50वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी. बुमराह की बात करें तो उनके नाम 43 टेस्ट मैचों में 194 विकेट हैं. वह छह विकेट लेते ही कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।


## भारत करेगा आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी



नई दिल्ली (ए)। भारत को अगले साल के जूनियर विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। भोपाल में 2023 में सीनियर विश्व कप और इस साल की शुरुआत में सत्र के अंत में हुए विश्व कप फाइनल के बाद यह हाल के दिनों में देश का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जिससे दुनिया में खेल के शीर्ष स्थलों में से एक के रूप में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत होगी। हालांकि टूर्नामेंट की तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। एनआरएआई द्वारा आईएसएसएफ से आधिकारिक पुष्टि प्राप्त करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में मदद करने के तरीके की प्रशंसा की थी।' उन्होंने कहा, ''हमें तब इसका अहसास हुआ था, लेकिन अब जब आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ''

एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद जल्द उनके साथ इसे साझा करेंगे ताकि सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले रोहित और केएल राहुल चोटिल



मेलबर्न (ए)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, भारत के कप्तान रोहित शर्मा और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए। थ्रोडाउन का सामना करते समय, रोहित के बाएं घुटने पर एक दर्दनाक चोट लग गई। हालांकि उन्होंने अपना अभ्यास सत्र जारी रखने की कोशिश की, लेकिन रोहित को मजबूरन चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी और उन्हें एक कुर्सी पर बैठे देखा गया, जहां उनके बाएं घुटने पर लगभग 25 मिनट तक आइस पैक रखा गया। अगर इतना ही काफी नहीं था, तो राहुल को प्रशिक्षण सत्र में अपने दाहिने हाथ पर भी चोट लग गई और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। चोट लगने के बाद रोहित और राहुल की स्थिति के बारे में बीसीसीआई या भारतीय टीम की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अभ्यास सत्र के दौरान तेज गेंदबाज आकाश दीप के हाथ में भी चोट लगी, लेकिन उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अभ्यास पिच शायद सफेद गेंद वाले क्रिकेट के लिए है, गेंद कई बार नीचे रहती है। जहां तक इन छोटी-मोटी चोटों की बात है, ये चीजें प्रशिक्षण के दौरान होती हैं, और इस वजह से कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। मैं ठीक हूं।

# एट्रोसिटी एक्ट के सभी प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करें : कमिश्नर

## चिन्हित अपराधों में कोर्ट में चालान प्रस्तुत करने में अनावश्यक देरी न की जाए
## कमिश्नर ने संभाग स्तरीय सतर्कता सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक ली

नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के जी तिवारी ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित सभी एट्रोसिटी एक्ट के तहत दर्ज प्रकरणों का शीघ्र ही निराकरण किया जाए, इसमें अनावश्यक देरी न की जाए। कमिश्नर ने कहा कि जघन्य अपराधों एवं चिन्हित अपराधों में कोर्ट में चालान प्रस्तुति की कार्रवाई में भी अनावश्यक विलंब न किया जाए। चालान रेगुलर प्रस्तुत किए जाते रहे। उल्लेखनीय कि न्यायालय में 878 केस थे जिसमें चालान प्रस्तुत होने थे। उल्लेखनीय है कि कमिश्नर श्री तिवारी अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं मध्य प्रदेश आकस्मिकता नियम 1995 के तहत गठित संभाग स्तरीय सतर्कता सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉक्टर गुरु करण सिंह, हरदा व बैतूल जिले के पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग जेपी यादव एवं समस्त डीपीओ तथा जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त गण उपस्थित थे।

कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह जिला स्तरीय सतर्कता सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक प्रतिमाह कराए। कमिश्नर ने बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत पुलिस थानों में दर्ज एवं पंजीकृत प्रकरण की स्थिति की जानकारी ली।



उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग जेपी यादव ने लंबित प्रकरण की स्थिति से कमिश्नर को अवगत कराया। कमिश्नर ने कैलेंडर वर्ष 2024 में 60 दिनों से अधिक अवधि के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और निर्देश दिए की बिना किसी वजह से प्रकरण अधिक दिनों तक लंबित न रहे। कमिश्नर ने कैलेंडर वर्ष 2024 में विवेचना में 60 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों की थानावार, अनुसंधान में लंबित प्रकरण, दर्ज प्रकरणों में अभियोजन की स्थिति, जीवन निर्वाह भत्ता, गवाहों का यात्रा भत्ता, पुनर्वास सुविधाओं, रोजगार,कृषि भूमि का क्रय, सामाजिक पुनर्वास, चिकित्सा सुविधा, पुनर्वास सुविधा एवं अन्य स्थिति की समीक्षा की।

### कमिश्नर ने चिन्हित सनसनीखेज अपराधों की संभागीय समीक्षा की

कमिश्नर के जी तिवारी ने नर्मदापुरम संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले में घटने वाली चिन्हित एवं सनसनी खेज अपराधों की स्थिति की एवं उन पर हुई कार्रवाई एवं चालान प्रस्तुति की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह ने बताया कि चिन्हित अपराधों में नर्मदापुरम में 187, बैतूल में 177 हरदा में 159 प्रकरण थाना वार दर्ज है, जिन पर कोर्ट प्रस्तुतीकरण की कार्रवाई की गई है।वहीं वर्ष 2024 की स्थिति में विवेचना के प्रकरण में नर्मदापुरम में एक प्रकरण लंबित है। वही न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण की स्थिति देखी जाए तो नर्मदापुरम में 181 बैतूल में 175 और हरदा में 156 प्रकरण विवेचना के अंतर्गत लिए गए हैं। चिन्हित सनसनी के अपराधों की बनी समिति की बैठक सभी जिलों में नियमित रूप से ली जा रही है।

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह ने बताया कि 111 प्रकरण न्यायालय में विभिन्न कारणों से लंबित है। वर्ष 2024 में नर्मदापुरम में 10 बैतूल में पांच एवं हरदा में पांच प्रकरण सनसनीखेज चिन्हित हुए थे। दोष मुक्ति के नर्मदा पुर में 6 बैतूल में चार और हरदा में आठ प्रकरण है। वही दोष सिद्धि के नर्मदा पुर में सात, बैतूल में 20 और हरदा में चार प्रकरण है। दोष मुक्त प्रकरण में अपील की स्थिति देखी जाए तो नर्मदा पुर में दो, बैतूल में 10 एवं हरदा में 21 प्रकरण लंबित है।

## स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन



नर्मदापुरम( निप्र)। अशोका हॉस्पिटल द्वारा स्वर्गीय अशोक दुबे एवं प्रेम सिंह ठाकुर की पुण्य स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम मांगरोल मैं किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम के सरपंच द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्राम वासियों द्वारा समस्त अस्पताल स्टाफ का फूल माला द्वारा स्वागत किया। स्वास्थ शिविर में करीब 164 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 80 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सभी लोगों को निशुल्क दवाई प्रदान की गई। शिविर को सफल बनाने हेतु ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा।

## चलो चलो श्री किशोरी आज कुंजन में



नर्मदापुरम( निप्र)। वृंदावन की प्रसिद्ध रसाचार्य फतेह कृष्ण शर्मा की मंडली द्वारा रासलीला के पंचम दिवस मनोहारी लीला का मंचन किया गया। लीला में रविवार को विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार, समेरिटन्स ग्रुप के डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, डा विजय महंत, अधिवक्ता बृजेश शर्मा ने राधारानी और ठाकुरजी का पूजन अर्चन किया। लीला में विशेष व्यक्तित्व के तहत डा विनय दुबे को सम्मानित किया गया। उनके द्वारा अपने सेवाकाल में किए गए विशेष कार्य और मानवीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## सड़क किनारे मिला युवक का शव

हरदा (आरएनएस)। जिले के ग्राम मकड़ाई में शनिवार सुबह एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला है। सूचना के बाद सिराली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।मृतक की पहचान शाहबाज खान (28) निवासी मकड़ाई के रूप में हुई है। सिराली थाना प्रभारी निकिता विल्सन ने बताया कि मकडाई रोड दूंगालिया के पास शहवाज नामक युवक का शव और बाइक मिली है। प्रथम दृष्टया तो युवक की मौत सड़क हादसे में होना लग रहा है। युवक की हत्या हुई है या दुर्घटना है, ये पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

# कमिश्नर ने तवा उप नहरो का निरीक्षण किया

## नहरो की नालियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के जी तिवारी ने बाबई, सोहागपुर, पिपरिया के विभिन्न ग्रामों से गुजरने वाली तवा नहरो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने तवा उप नहर की जल निकास नालियों पर कतिपय लोगों द्वारा अतिक्रमण करने की शिकायत की। शिकायत मिलने पर कमिश्नर श्री तिवारी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व एवं पुलिस विभाग के साथ मिलकर नहर की जल निकास नालियों पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से हटाए, नहर की साफ सफाई कराए एवं नहर को पुन: गहरा करें और पहले जैसे अस्तित्व में लाएं। कमिश्नर श्री तिवारी सबसे पहले ग्राम सिरवाड के तिराहे पर पहुंच कर यहां पहले से ही मौजूद किसानों से चर्चा की। यहां पर किसानों ने बताया कि नहर में पर्याप्त पानी है। गेहूं एवं चना बोया है। धान की फसल की अच्छी पैदावार हुई है। धान की फसल में क्रांति एवं पूसा दोनों किस्म किसान लगातें हैं।



किसानों ने बताया कि पूसा धान की लागत ज्यादा आती है। साथ ही मुनाफा भी कम मिल पाता है। किसान अपनी लागत नहीं निकाल पाते हैं। इसलिए अधिकांश किसान क्रांति धान की किस्म ही लगाना पसंद करते। किसानों ने बताया कि शुक्ररवाडा उप नहर है इससे कवारी गांव की नहर में पानी नहीं पहुंच पाता है। वहीं कुछ किसानों ने बताया कि टेल क्षेत्र तक पानी आ जाता है, लेकिन कई जगह पर नहर की जल निकास नालियों लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिससे जल निकासी नहीं हो पाती है और नहर का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों तक पहुंच जाता है। कमिशनर श्री तिवारी ने उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। किसानों ने बताया कि कई जगह गेज के अनुसार नहर नहीं चल पाती है। किसानों ने कमिश्नर को अवगत कराया कि किसानों की सोसाइटी में डंप पड़ी है, क्योंकि मिलर माल जल्दी-जल्दी नहीं उठाते हैं। किसानों ने मांग की की मंडी में फ्लैट कांटों से उपज की तुलाई हो। फ्लैट कांटों से तोल होने पर किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबी-लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा और इससे उनका समय भी बचेगा। कमिश्नर श्री तिवारी ग्राम काजल खेड़ी पहुंचकर शुक्ररवाडा उप नहर का निरीक्षण किया। बताया गया की नहर की चौड़ाई 4.3 मीटर है।

# आजाद युवा प्रकोष्ठ एवं अटल युवा सेना ने समाजसेवियों व पत्रकारों का किया सम्मान



नर्मदापुरम( निप्र)। आजाद युवा प्रकोष्ठ एवं भारत रत्न अटल युवा सेना के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा भानु सप्तमी मित्र सप्तमी के अवसर पर पुण्य दायनी मां नर्मदा के पावन तट हिंगलाज देवी धाम परिसर में समाजसेवियों व पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री गौड़ मालवीय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन मालवीय ने कहा कि समाज में समाजसेवियों व पत्रकारों के द्वारा जनजागरण का कार्य किया जाता है। जिससे समाज में सक्रियता आती है। आजाद युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजू मालवीय ने कहा कि संगठन के द्वारा वर्षों से शहीद चंद्रशेखर आजाद से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित व समाजसेवा के कार्य निरंतर किए जा रहे है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा रेवा वार्ता के संपादक के साथ ही किसान एकता महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी तुकाराम यादव यादवेश, युवा पत्रकार गजेद्र सिंह राजपूत, व अयोध्यावासी वैश्य नगर सभा के प्रवक्ता एवं पत्रकार प्रदीप गुप्ता के साथ ही मालवीय समाज के राष्टीय अध्यक्ष अर्जुन मालवीय राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र मालवीय स्थानीय अध्यक्ष राजेंद्र मालवीय कार्यकारी अध्यक्ष अमित मालवीय वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर भागीरथ प्रसाद सहित अनेक समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इस अवसर मां नर्मदा व देवी हिंगलाज की पूजा अर्चना कर वन भोज का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में युवा समाजसेवी कपिल यादव माखनलाल मेहरा रमेश राव संतोष साहू दीपक कहार दिनेश डब्बी भाई शामिल रहे कार्यक्रम की व्यवस्था वरिष्ठ समाजसेवी माखनलाल भागीरथ जी ने तथा कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र मालवीय ने किया।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के विस्थापित कृषकों की भूमि का मुआवजा शीघ्र मिलेगा

नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम जिले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत अनुविभाग पिपरिया के वन खण्डों के 11 ग्राम वर्ष 2013-2018 में विस्थापित किये गये हैं, इन ग्रामों के भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा-4 की अधिसूचना का राजपत्र में प्रकाशन 29.10.2021 मे हुआ किंतु इनके भवनखण्डों में जिन कृषकों की भूमि है, उसका मुआवजा कृषकों को नहीं मिलने से कृषक विगत कई वर्षों से परेशान हो रहे थें। यह मामला संज्ञान में आने पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के द्वारा अनुविभाग में लम्बे समय से पड़े हुए प्रकरणों को निकलवाकर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये एवं कलेक्टर के प्रयास से अनुविभाग पिपरिया के 11 ग्रामों बरगोंदी, मोगरा, बदकछार, रोरीघाट, विनौरा, काजरी, मुआर, कांजीघाट, जामुन ढोंगा, खामखेडी एवं घोघरी के भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों में कृषकों की 284.259 हेक्टेयर निजी भूमि होने से भू अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 के तहत प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन 20.12.2024 में किया गया, इससे कृषकों को उनकी भूमि का उचित मुआवजा शीघ्र प्राप्त होनें का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## सुशासन सप्ताह अंतर्गत मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत ग्राम शोभापुर में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत ग्राम शोभापुर में गत दिवस पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ शासन व्यवहार न्यायाधीश (वर्ग 2) सोहागपुर तेज़दीप सिंह, , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर संजय अग्रवाल और सरपंच ग्राम पंचायत शोभापुर श्रीमती माया दीवान शाह, द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से ग्राम वासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके, साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।


**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम**

कार्यालय ई-मेल:- eereshoshangabad@mp.gov.in.

**पत्र क्रमांक/ 4103 /ग्रा.यां.से./स्था./2024** **नर्मदापुरम, दिनांक 17/12/2024**

**निजी वाहन किराये पर लगाने हेतु ( संक्षिप्तं निविदा ) आमंत्रण**

इस कार्यालय के अंतगर्त निमार्णाधीन कार्यों के पर्यवेक्षण एवं तकनीकी गुणवत्ता की देख रेख के लिये कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम हेतु चार वाहन (चार पहिया) किराये पर प्रदाय करने बाबत् वाहन के मालिकों से मुहरबंद लिफाफा पद्धति पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ रूपये 10000/- (दस हजार) की फिक्स डिपाजिट (एफडीआर) कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम एवं वाहन मालिक के संयुक्त नाम तैयार कर आवश्यक रूप से संलग्न करे। निविदा दिनांक 06/01/2025 को 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जावेगी। निविदा दिनांक 06/01/2025 को समय सायं 3:30 बजे खोली जावेगी। निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

डीजल वाहन बोलेरो डी.आई./ एलएक्स नवीन माडल के वाहनों को पात्रता होगी। अनुबंध करने के पूर्व निविदाकर्ता को वाहन कामर्शियल श्रेणी में पंजीकृत होना आवश्यक है तथा वाहन का अवलोकन निविदा डालने के पूर्व अद्योहस्ताक्षरकर्ता को कराना होगा।

| क्र0 | संभाग/उपसंभाग/विकासखंड का नाम | वाहन की आवश्यकता |
|---|---|---|
| 1 | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम | 4 |

जी/20637/24

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग नर्मदापुरम**





*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा "शिवरानी भवन", क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*